नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं

www.currentcrime.com

# दैनिक करंट क्राइम

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...

नई दिल्ली। बुधवार 01 जनवरी-2025 | वर्ष: 10 अंक: 13 पेज-20 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य: ₹3













# वर्ष 2024 लाया भगवा गढ़ में किसी के लिए खुशी तो किसी के लिए गम

## कोई पहुंचा लोकसभा, कोई विधानसभा तो कोई पहुंचा महामहिम बनकर मिजोरम







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वर्ष 2024 का साल भगवा गढ़ के लिये सियासी उठापटक का साल रहा है। जहां वो घटनाक्रम हुआ जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी और वो चेहरे उम्मीदवार बनें जिन्होंने अपने विरोधियों को भनक तक नहीं लगने दी। राजनीतिक रूप से ये साल बड़ी उठापट का साल माना जायेगा। इस साल सबसे बड़ा फेरबदल लोकसभा में हुआ। लगातार दो बार के सांसद और केंद्रीय मंत्री रहे जनरल वीके सिंह को लोकसभा का टिकट नहीं मिला और छह महीने के इंतजार के बाद उन्हें मिजोरम का राज्यपाल बनाया गया। गाजियाबाद के सांसद रहे जनरल वीके सिंह मिजोरम राज्य के महामहिम हो गए। वहीं एक बड़ा फेरबदल लोकसभा में हुआ, विधानसभा में हुआ। लगातार दूसरी बार शहर विधायक बनें अतुल गर्ग को पार्टी ने लोकसभा का टिकट दिया और वो तीन लाख से भी अधिक वोटों से चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंच गए। इसी साल उन्हें दिल्ली प्रदेश का चुनाव सहप्रभारी बनाया गया और अतुल गर्ग दिल्ली शिफ्ट हो गए।

शहर विधानसभा में बड़ा परिवर्तन आया और महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा विधानसभा पहुंच गए। उन्हें पार्टी ने विधानसभा उपचुनाव में टिकट दिया और वो यहां एक बड़े अंतराल से चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं, वो शहर विधायक बने हैं। वो महानगर अध्यक्ष से विधायक हो गए । अतुल गर्ग विधायक से सांसद हो गए और जनरल वीके सिंह पूर्व सांसद से राज्यपाल हो गए।

इतना ही राजनीतिक घटनाक्रम नहीं रहा और मामला इससे पहले सबसे बड़ी विधानसभा में घटित हुआ। यहां से विधायक सुनील शर्मा को प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया। उनकी उपलब्धि इसलिए बड़ी है क्योंकि जब पूरे प्रदेश में केवल तीन विधायक मंत्री बनें तो उनमें एक नाम सुनील शर्मा का भी था।

### बड़े चेहरों के लिए ताली और कार्यकर्ताओं के हाथ रहे खाली

इस वर्ष हर्ष वाली फीलिंग बड़े चेहरों को हुई। कोई विधानसभा से लोकसभा पहुंच गया, कोई महानगर कार्यालय से लखनऊ विधानसभा पहुंच गया। कोई विधानसभा से कैबिनेट मंत्रालय पहुंच गया, कोई पूर्व होने के बाद भी सुदूर प्रदेश का महामहिम बन गया। बड़े चेहरों के लिये तो ताली बजती रही, लेकिन ये साल कार्यकताओं के लिये खाली रहा। कार्यकताओं के हाथ इस साल कुछ नहीं आया। वो इंतजार करते रहे और नामित पार्षदों वाली लिस्ट ही नहीं आई। जीडीए बोर्ड सदस्यों में किसी का नाम नहीं आया। कोई आयोग वाली कृपा किसी पर नहीं हुई, कोई दर्जाप्राप्त मंत्री नहीं बना। लोकसभा में सरकार रिपीट हो गई, लेकिन कार्यकर्ता के हिस्से में इंतजार ही रहा।

# गाजियाबाद की सरजमीं पर इस साल आए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कई बार





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सियासी घटनाक्रम से देखें तो इस वर्ष सियासत के बड़े चेहरों से गाजियाबाद की धरती गुलजार हुई है। इस वर्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन बार गाजियाबाद आए। वो सरकार की योजनाओं का परियोजनाओं का उद्घाटन करने आए। वो एयरपोर्ट भी आए और कार्यकताओं से मुलाकात भी की। इसके अलावा जब उपचुनाव हुआ तो अधिसूचना जारी होने से पहले भी और अधिसूचना जारी होने के बाद भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आए। वो रामलीला मैदान में रोजगार मेले को संबोधित करने आए। उन्होंने 200 कार्यकताओं से मुलाकात की। वो बूथ सम्मेलन में आए और उपचुनाव में वो विजयनगर में रोड शो के लिये आए। उपचुनाव की बात करें तो यहां विपक्ष के नेता अपने बड़े लीडरों की राह देखते रहे, लेकिन वो नहीं आए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार करने नहीं आए। वो आए भी तो दूसरी विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करने आए। गठबंधन उम्मीदवार के पक्ष में ना राहुल गांधी आए और ना प्रियंका गांधी आई। बसपा का उम्मीदवार मैदान में था, लेकिन बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती नहीं आई। अगर विपक्ष के चेहरे की बात करें तो यहां आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर जरूर दो बार चुनाव प्रचार के लिये आए।




# जीवन में उल्लास उमंग का संदेश नववर्ष

नई आशा, नई उम्मीद और नये उत्साह के साथ आज हम नये वर्ष 2025 में पूरे हर्ष के साथ प्रवेश कर रहे हैं। आप सभी को नववर्ष 2025 की बधाई शुभकामनायें देते हुये यह कामना करता हूं कि हम सभी के जीवन में वर्ष 2025 शुभता का, शुचिता का, पावनता का, खुशहाली का उजाला लेकर आये। बीता वर्ष 2024 कई राजनीतिक और आर्थिक घटनाओं का साक्षी रहा है और कई घटनाक्रम के दौर से गुजरा है। इस वर्ष हुये लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने भाजपा को जनादेश दिया और एक बार फिर से देश में मोदी सरकार बनी। देश की जनता ने अपना भरोसा मोदी सरकार की नीतियों में जताया और लगातार तीसरी बार जनादेश दिया। हम आज नये साल 2025 में प्रवेश कर रहे हैं और इस साल के सकंल्पों में हमें एक बार फिर से ये दोहराना होगा कि हम पर्यावरण की सुरक्षा के लिये काम करेगें। जिस तरह से एयर पोल्यूशन को लेकर हाल ही में रिपोर्ट आई है उसका सोल्यूशन यही हैं कि अब मानव जाति पर मंडरा रहे इस सकंट के समाधान के लिये सरकारी योजनाओं के साथ हमें सेल्फ कंट्रोल स्कीम लानी होगी। एनसीआर वालों को जल, जगंल और जमीन के लिये पक्के इरादों के साथ ही काम करना होगा। हमारी हैल्थ प्रणाली का ढांचा इस तरह से मजबूत हो कि कभी भी देश में मेडिकल इमरजेंसी जैसे हालात ना हों और देश के सभी वर्ग के लोगों के लिये सस्ता सुलभ और उच्च स्तरीय ईलाज उपलब्ध हो। इस वर्ष ये प्रयास भी हों और ऐसे कदम उठायें जायें कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में देश के हर वर्ग के लिये सस्ती सुलभ शिक्षा प्राप्त करने के अवसर उपलब्ध हों। हमारी शिक्षा प्रणाली का ढांचा रोजगार और कारोबार पर आधारित हों। मैं ये उम्मीद करता हूं कि सरकार की आर्थिक नीतियों का स्वरूप ऐसा हों कि इन नीतियों का लाभ देश के करोड़ो व्यापारियों को मिलेगा। मैं ये उम्मीद करता हूं कि इस वर्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगें और देश के करोड़ो नौजवानों को रोजगार मिलेगा और देश में बेरोजगारी की दर में कमी आयेगी। दैनिक करंट क्राइम परिवार के सभी सदस्यों को नये वर्ष की शुभ कामनायें देता हूं और ऐसी उम्मीद करता हूं कि खुशियों का उजाला आप सब के जीवन में हो। लाखों पाठकों वाले करंट क्राइम परिवार का ये काफिला यूं ही तरक्की की राह पर अग्रसर रहे। दैनिक करंट क्राइम परिवार के सभी पाठकों को, परम स्नेही सहयोगी विज्ञापनदाताओं को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनायें एवं बधाई देता हूं। परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप सभी के जीवन में आंग्ल नववर्ष शुभ हो, मगंलमय हो और जीवन में पूर्ण खुशियों का उजाला लेकर आये। आप के जीवन में आरोग्य, सफलता, सुख का सूरज चमकता रहें। आप सभी को एक बार पुन: नवर्ष 2025 की बधाई शुभकामनायें देता हूं। एक बार पुन : आप सभी को नववर्ष की बधाई देते हुए परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि आप सभी स्वस्थ रहें, खुशहाल रहें और नव वर्ष 2025 आप के जीवन में मगंलमय हो।

# भाजपा ने केजरीवाल का एक पोस्टर जारी करके चुनावी हिंदू बताया




**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा ने मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल का एक पोस्टर जारी किया। पोस्टर में केजरीवाल को चुनावी हिंदू बताया गया है। पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना को लेकर भाजपा ने केजरीवाल पर हमला बोला है। इस पोस्टर पर पलटवार करते हुए आप ने भी ओपन चैलेंज दिया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले ही राजनीतिक दलों में घमासान मचा है। भाजपा और आम आदमी पार्टी एक-दूसरे पर वार-पलटवार करने का मौका नहीं छोड़ रही हैं। सोमवार को दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पुजारी और ग्रंथी सम्मान योजना की घोषणा की। इस पर मंगलवार को दिल्ली भारतीय जनता पार्टी ने पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल पर तंज कसते हुए पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में केजरीवाल को चुनावी हिंदू बताया गया है। भाजपा के इस पोस्टर पर आप ने पलटवार किया। आप ने भाजपा को ओपन चैलेंज दिया है।

दिल्ली भाजपा के 'एक्स' पर जारी पोस्टर में अरविंद केजरीवाल रुद्राक्ष की माला के साथ ही फूलों की माला भी पहने दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में लिखा है- चुनावी हिंदू। इस पोस्टर के बैकग्राउंड में घंटियां दिख रही हैं। पोस्टर में नीचे लिखा है- मंदिर जाना है बस मेरे लिए एक छलावा, पुजारियों का सम्मान मेरा चुनावी दिखावा, सनातक धर्म का मैंने हमेशा मजाक उड़ाया। इसके अलावा, सोशल मीडिया एक्स पर पोस्टर के साथ में भाजपा ने चुनावी हिंदू केजरीवाल कहते हुए लिखा जो 10 साल से इमामों को सैलरी बांटता रहा, जो खुद और उनकी नानी प्रभु श्रीराम का मंदिर बनने से खुश नहीं थे जिसने मंदिर और गुरुद्वारों के बाहर शराब के ठेके खोले जिसकी पूरी राजनीति हिन्दू विरोधी रही उसे अब चुनाव आते ही पुजारियों और ग्रंथियों की याद आई? अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर दिल्ली में मंदिरों के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों के लिए पुजारी-ग्रंथी योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यदि पार्टी सत्ता में आती है तो हर माह 18 हजार रुपये प्रति माह सम्मान राशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस राशि को वेतन या तनख्वाह नहीं कहूंगा, लेकिन आज इस योजना के जरिए हम पुजारियों और ग्रंथियों का सम्मान करने के लिए इसकी घोषणा कर रहे हैं। सरकार बनने पर लगभग 18 हजार रुपये महीना सम्मान राशि दी जाएगी। वहीं भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली में महिला सम्मान व संजीवनी योजना को पुलिस भेजकर, फर्जी केस कर रोकने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि एक पुजारी हमारे सुख-दुख सब में काम आता है। सदियों से हमारी परंपराओं, हमारे रीति रिवाजों और संस्कारों को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाया है। यह देश में पहली बार हो रहा है। आज तक किसी भी पार्टी और सरकार ने ऐसा नहीं किया।



### 'अपने 20 राज्यो में पुजारी ग्रंथि सम्मान योजना लागू कर के दिखाओ'

उधर, आम आदमी पार्टी ने पोस्टर पर पलटवार करते हुए पोस्ट किया कि भाजपा में हिम्मत है तो अरविंद केजरीवाल की खुली चुनौती को स्वीकार करें? आप ने भाजपा को चैलेंज किया कि वह देश के 20 राज्यों में जहां भाजपा की सरकार है, वहां पुजारी-ग्रंथी सम्मान योजना शुरू करके दिखाएं। केजरीवाल ने कहा कि मेरी चुनैती स्वीकार करो।

### मंदिर के पुजारियों व गुरुद्वारे के ग्रांथियों को हर माह 18 हजार देगी सरकार

आपको बता दें कि सोमवार को आम आदमी पार्टी ने मंदिर के पुजारियों और गुरुद्वारों के ग्रंथियों को हर माह 18 हजार रुपये देने का वादा किया है। मंगलवार को पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल हनुमान मंदिर में पुजारियों का पंजीकरण की शुरूआत करेंगे। दिल्ली में पहले से ही महिला सम्मान और संजीवनी योजना विवादों में चल रहा है।

### नहीं रूके संजीवनी योजना का पंजीकरण


केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाया कि उन्होंने संजीवनी योजना रोकने की कोशिश की लेकिन रोक नहीं पाए। इसी तरह पुजारियों और ग्रंथियों की योजना को रोकने की कोशिश ना करें।

## सीएम योगी ने संगम नोज घाट पर की आरती बायो सीएनजी प्लांट का किया निरीक्षण

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज में संगम नोज घाट पर आरती की। शहर में 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक महाकुंभ मेला 2025 का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छ और सुव्यवस्थित महाकुम्भ की परिकल्पना के साथ नैनी में प्रदेश का पहला एमएसडब्ल्यू बायो सीएनजी प्लांट क्रियाशील होने को तैयार है। मंगलवार को महाकुम्भ की तैयारियों को परखने प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बायो सीएनजी प्लांट का निरीक्षण किया। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बायो प्लांट स्वच्छ प्रयागराज-सुव्यवस्थित महाकुम्भ के संकल्प की दिशा में एक प्रयास है, जो महाकुम्भ के बाद भी प्रयागराज नगर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। प्रदेश में म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट आधारित इस पहले सीएनजी प्लांट से 200 परिवारों को रोजगार भी मिला है। पीपीपी मॉडल पर संचालित होने वाले इस प्लांट का अवलोकन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के 'वेस्ट टू वेल्थ' की अवधारणा को साकार करता यह प्लांट आरएनजी (नवीकरणीय प्राकृतिक गैस) परियोजना, अत्याधुनिक और नवीनतम तकनीक के साथ नगर निगम के ठोस कचरे को बायोगैस में संसाधित करने के लिए सबसे उन्नत और कुशल सुविधाओं में से एक है। अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचालित इस परियोजना के अंतर्गत प्रयागराज शहर में घरों,



होटल-रेस्टोरेंट्स और मंदिरों से हर दिन निकलने वाले औसतन 200 टन गीले कचरे से लगभग 21500 किलो बायो उठऋ और 209 टन जैविक खाद बनेगी। प्लांट की कुल क्षमता 343 टन प्रति दिन उत्पादन की है। हर दिन प्लांट से 21.5 टन बायो उठऋ के साथ 109 टन ठोस जैविक खाद और 100 टन तरल जैविक खाद बनेगी। इससे 56700 टन वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी आ सकेगी।



एक दिनी दौरे पर प्रयागराज पहुंचे मुख्यमंत्री ने फाफामऊ में गंगा नदी पर निमार्णाधीन सिक्सलेन पुल के विकल्प के रूप में बन रहे स्टील ब्रिज का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार के महाकुम्भ में यह स्टील ब्रिज तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए संगम तक आवागमन का सबसे सहज साधन होगा। स्टील ब्रिज से पश्चिमी उत्तर प्रदेश, अयोध्या, गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली, उत्तराखंड, राजस्थान की ओर से महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को काफी सहूलियत मिलेगी। उन्हें नगर में नहीं जाना पड़ेगा। गंगा किनारे रिवर फ्रंट रोड से ये वाहन सीधे महाकुम्भ मेला में प्रवेश कर सकेंगे। भारत सरकार के सौजन्य से बन रहे इस स्टील ब्रिज के लोड टेस्टिंग का काम भी पूरा हो गया है।

## कांग्रेस का भाजपा पर आरोप 'दलित-आदिवासियों के खिलाफ जातिगत अत्याचारों को दे रहे बढ़ावा'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान करते हैं और वही जातिवादी मानसिकता भाजपा-शासित राज्यों में दोहराई जा रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री अमित शाह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग दलितों और आदिवासियों के खिलाफ जातिगत अत्याचारों को बढ़ावा दे रहे हैं। खासकर उन राज्यों में जहां भाजपा की सरकार है, जैसे हरियाणा, मध्य प्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश।

### जातिवादी मानसिकता भाजपा-शासित राज्यों में दोहराई जा रही

खरगे ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा कि संसद में गृह मंत्री अमित शाह बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान करते हैं और वही जातिवादी मानसिकता भाजपा-शासित राज्यों में दोहराई जा रही है। उन्होंने भाजपा की सरकार को संविधान विरोधी बताते हुए कहा कि मोदी शासन के तहत दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ अत्याचार हो रहे हैं।



### घटनाओं में दो गुना वृद्धि हुई

उन्होंने कहा, 'यह सच है कि मोदी सरकार के संविधान विरोधी शासन के तहत दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों और अल्पसंख्यक समुदायों पर अत्याचार हो रहे हैं। जो गरीब और वंचित हैं, वे 'मनुवाद' का शिकार हो रहे हैं। हर घंटे दलित-आदिवासी महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध हो रहे हैं और एनसीआरबी के अनुसार, 2014 के बाद इन घटनाओं में दो गुना वृद्धि हुई है।'

### इन घटनाओं को उठाया

कांग्रेस अध्यक्ष ने हालिया जातिगत अत्याचारों के कुछ उदाहरणों का हवाला दिया, जिनमें मध्य प्रदेश के देवास में पुलिस हिरासत में एक दलित युवक की मौत, ओडिशा के बालासोर में एक आदिवासी महिला को पेड़ से बांधकर पीटने की घटना, हरियाणा के भिवानी में एक दलित छात्रा द्वारा आत्महत्या करने की घटना, महाराष्ट्र के पालघर में एक आदिवासी महिला की मौत और उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में तीन दलित परिवारों को जातिगत हमलों के कारण पलायन करने के मामले शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस 140 करोड़ भारतीयों के संविधानिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं होने देगी। कांग्रेस भाजपा-आरएसएस की संविधान विरोधी सोच के खिलाफ लगातार संघर्ष करती रहेगी

## अखाड़ों-कल्पवासियों के लिए खुशखबरी, योगी सरकार ने महाकुंभ में राशन की दरों में की कटौती

**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ में योगी सरकार ने अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों के लिए बड़े पैमाने पर अन्न भंडार की व्यवस्था की है। ऐसा पहली बार है, जब महाकुंभ में इतने बड़े पैमाने पर अखाड़ों, संस्थाओं और कल्पवासियों को नाम मात्र की कीमत पर राशन की सुविधा प्रदान की जा रही है। सीएम योगी के निर्देश पर अखाड़ों-संस्थाओं और कल्पवासियों को मात्र 5 रुपए में आटा और 6 रुपए में चावल उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है। इसके लिए मेला क्षेत्र में 138 उचित मूल्य की दुकानों पर राशन उपलब्ध कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस बार महाकुंभ को दिव्य, भव्य के साथ साथ नव्य रूप देने में लगे हैं। इसके लिए उन्होंने अफसरों को सभी जरूरी इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। खासकर श्रद्धालुओं के भोजन के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में आने वालों के लिए अन्न भंडार खोल दिया है। यहां मेला क्षेत्र में उचित मूल्य की 138 दुकानें खोली गई हैं, जहां पर



कल्पवासियों के लिए एक लाख बीस हजार सफेद राशन कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है।

इस बार कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को राशन के लिहाज से बेहद कम कीमत पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा हैं। महाकुंभ में अखाड़ों-कल्पवासियों को 5 रुपए प्रति किलो की दर से आटा और 6 रुपए प्रति किलो के हिसाब से चावल उपलब्ध कराया जाना है। इसके अलावा कल्पवासियों को 18 रुपए प्रति किलो की दर से चीनी भी उपलब्ध कराई जाएगी। अखाड़ों और संस्थाओं को 800 परमिट की व्यवस्था है। राशन देने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी ने भोजन पकाने के लिए भी सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं। इस काम के लिए सभी 25 सेक्टर्स में एजेंसियां निर्धारित की गई हैं। ये एजेंसियां कल्पवासियों, अखाड़ों और संस्थाओं को नया गैस कनेक्शन प्रदान कर रही हैं। इसके साथ ही उन्हें रिफिल करने का भी पूरा इंतजाम है। इसके अलावा जिन कल्पवासियों के पास अपना खुद का खाली गैस सिलेंडर है, उन्हें भी यहां पर रीफिल करा सकते हैं। तीन विशेष प्रकार के सिलेंडर भरने की व्यवस्था महाकुंभ में की गई है। इनमें 5 किलो, 14.2 किलो और 19 किलो के सिलेंडर भरे जा सकेंगे। महाकुंभ में अखाड़ों-कल्पवासियों और संस्थाओं को भोजन के लिए किसी प्रकार की समस्या न आने पाए, इस लिहाज से मेला क्षेत्र में 138 दुकानों पर विशेष इंतजाम किया गया है। साथ ही अन्न भंडार के पांच गोदाम भी तैयार किए गए हैं। इन गोदामों पर 6,000 मीट्रिक टन आटा और 4,000 मीट्रिक टन चावल और 2,000 मीट्रिक टन चीनी भी रहेगी। मेला क्षेत्र में दी जा रही इस विशेष सुविधा के अंतर्गत हर कल्पवासी को 3 किलो आटा, 2 किलो चावल और एक किलो चीनी उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था है।

जनवरी से फरवरी अंत तक राशन की यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही वन नेशन वन कार्ड की सुविधा भी प्राप्त होगी। 100 कुंतल सामान हर दुकान पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा कैलेंडर वर्ष 2023-24 में किये गये महत्वपूर्ण कार्यों की उपलब्धियां

इंदिरापुरम योजना





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नवीन योजना के संबंध में कार्यान्वयन - नया गाजियाबाद हरनन्दीपुरम योजना लाये जाने की संकल्पना उपाध्यक्ष द्वारा की गई, जिसके क्रम में योजना की परिधि का निर्धारण कर लिया गया है। कुल 521 हे. भूमि पर योजना लायी जायेगी। भूमि को आपसी-सहमति के आधार पर सीधा क्रय किया जायेगा। अधिग्रहण हेतु दर निर्धारण के लिये जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसके लिये समिति का गठन करते हुये प्रथम बैठक दिनांक 13.12.2024 को सम्पन्न हो चुकी है। वर्तमान में किसानों/भूमि धारकों से सहमति प्राप्त की जा रही है।

इन्दिरापुरम योजना का हस्तान्तरण - इन्दिरापुरम योजना को नगर निगम गाजियाबाद को हस्तान्तरित किया गया है, जिसके लिये आवश्यक नागरिक सुविधाओं को जन सामान्य के उपयोग हेतु सुलभ बनाये जाने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा रुपए 185 करोड़ नगर निगम गाजियाबाद की सहमति से हस्तगत कराया गया। यह कार्यक्षेत्र के विकास, सुचारू प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

**बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली का कार्यान्वयन :** अनुशासन किसी भी संस्था का आईना होता है, अतः अनुशासन में सुदृढ़ता लाने हेतु गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में दिनांक 01.12.2024 से बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू किया जा चुका है। इससे प्रशासनिक कार्यशैली को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जा सकेगा। इसके क्रियान्वयन से प्राधिकरण के प्रत्येक अधिकारी/कर्मचारियों को प्रातः 10.00 बजे से 10.15 तक अपनी उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन पर दर्ज कराना आवश्यक कर दिया गया है। 10.30 बजे के बाद उपस्थिति दर्ज करने पर आकस्मिक अवकाश एवं वेतन आहरण पर प्रतिबंध किये जाने हेतु उपाध्यक्ष द्वारा विस्तृत निर्देश निर्गत किये गये हैं।

लैण्ड ऑडिट व सम्पत्ति ऑडिट - प्राधिकरण की पूर्व विकसित योजनाओं का लैण्ड ऑडिट और सम्पत्ति ऑडिट विशेषज्ञ फर्म के माध्यम से कराया गया। इस प्रक्रिया में






विभिन्न योजनाओं में से लगभग 1000 करोड़ मूल्य की सम्पत्ति रिक्त पायी गई है जिसे नियोजित कर नीलामी के माध्यम से निस्तारण किया जायेगा।

**मधुबन बापूधाम योजना में गतिरोध का समाधान :** प्राधिकरण द्वारा वर्ष 2008 में प्रकाशित करायी गई मधुबन बापूधाम योजना में चल रहे किसान/भूधारकों के गतिरोध को समाप्त करने की रणनीति निर्धारित की गई, जिसमें किसानों द्वारा मा. न्यायालय द्वारा निर्धारित विकसित भूखण्ड की मांग की जा रही थी। उक्त के क्रम में 06 प्रतिशत व 10 प्रतिशत के अनुपात में भूखण्ड सृजित कर दिये गये हैं, जिनका आवंटन लॉटरी सिस्टम के माध्यम से किया जायेगा।

मलिन बस्ती/ई.डब्लू.एस. इकाईयों के जीर्णोद्धार एवं पुनर्नियोजन - प्राधिकरण द्वारा तुलसी निकेतन योजना के ई.डब्लू.एस. भवनों के जीर्णोद्धार हेतु कंसलटेंट एजेंसी ई. एण्ड वाई. से कार्ययोजना व डी.पी.आर. तैयार करायी जा रही है। भविष्य में पी.पी.ई. मॉडल पर मजबूत व शानदार भवन, दुर्बल वर्ग/अल्प आय वर्ग के लोगों को दिये जायेंगे।

इस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (ई.ओ.आर.सी.) प्रोजेक्ट की संकल्पना - इस्टर्न ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर (ई.ओ.आर.सी.) प्रोजेक्ट की संकल्पना भारत में एक समर्पित रेलवे मार्ग तैयार करने से जुड़ी है, जो मुख्यतः आर्थिक, औद्योगिक और पर्यावर्णीय उद्देश्यों के पूरा करने के लिये प्रस्तावित है। यह कॉरिडोर दिल्ली-एन.सी.आर. क्षेत्र और उसके आसपास के राज्यों में यातायात का दवाब कम करने, औद्योगिक क्षेत्र को आपस में जोड़ने और माल परिवहन को अधिक तेज और कुशल बनाने पर केन्द्रित है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य एवं संकल्पना माल परिवहन में वृद्धि, यातायात दवाब कम करना, औद्योगिक क्षेत्रों को जोड़ना, पर्यावर्णीय लाभ, आर्थिक विकास व अन्य है। यह परियोजना लॉजिस्टिक सेक्टर में गेम चेंजर के रूप में देखा जा रहा है।

### जन सामान्य के लिये अन्य कार्य

1. 06 नग यू-टर्न राजनगर एक्सटेंशन में बनाने का कार्य। 2. पार्कों की सुदुर्ढ़ीकरण का कार्य, थीम पार्क हेतु दो पार्कों का चयन, हाथी पार्क एवं नींबू पार्क। 3. जल संरक्षण हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग का प्राविधान। 4. गंगोत्री टावर में 78 फ्लैटों को असामाजिक तत्वों से कब्जा मुक्त कर सील किया गया। 5. ग्रीन पहल के अन्तर्गत इस सत्र में 1,30,092.00 पौधों का रोपण किया गया।

### नये साल में प्रस्तावित महत्वपूर्ण कार्य -

1. हरनंदीपुरम योजना, 2. थीम पार्क का निर्माण, 3. लैण्ड ऑडिट में प्राप्त लगभग 1000 करोड़ की सम्पत्तियों के निस्तारण का कार्य।

उपरोक्त कार्यों ने प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को और अधिक व्यवस्थित और नागरिक हितैशी बनाने में योगदान दिया। प्राधिकरण इस उपलब्धियों के साथ अपने नागरिको के प्रति सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये निरन्तर कार्यरत है।

## पंजाब में बढ़ी स्कूलों की छुट्टियां, बढ़ती ठंड के चलते सरकार ने लिया फैसला

**पंजाब।** पंजाब में स्कूलों की छुट्टियां बढ़ गई हैं। बढ़ती ठंड के चलते सरकार ने छुट्टियां बढ़ाने का फैसला लिया है। सूबे के सभी सरकारी और मान्यता प्राप्त स्कूलों में 7 जनवरी तक छुट्टियां बढ़ा दी हैं। इससे पहले स्कूलों की छुट्टियां एक जनवरी तक थीं और दो जनवरी को स्कूल दोबारा खुलने थे। लेकिन अब स्कूल 8 जनवरी को खुलेंगे। शिक्षा मंत्री हरजोत बैंस की तरफ से मंगलवार को यह जानकारी दी गई। बढ़ती ठंड के चलते सरकार ने यह फैसला लिया है। इससे पहले हरियाणा ने भी छुट्टियां बढ़ा दी थी।

पंजाब में कड़ाके की ठंड का प्रकोप और बढ़ गया है। सोमवार को तापमान में 4.9 डिग्री की बड़ी गिरावट दर्ज की गई। इससे यह सामान्य से 5.8 डिग्री नीचे गिर गया है। गुरदासपुर का सबसे अधिक 17.5 डिग्री का तापमान दर्ज किया गया। बेहद घनी धुंध के कारण सुबह को अमृतसर में विजिबिलिटी जहां शून्य दर्ज की गई, वहीं पटियाला में 300 मीटर और



लुधियाना में 500 मीटर दर्ज की गई। मौसम विभाग ने मंगलवार को भी पंजाब में कई जगहों पर घनी धुंध छाए रहने का अलर्ट जारी किया है। साथ ही विभाग के मुताबिक चार जनवरी से पंजाब में एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है जिससे दो दिन कुछ जगहों पर बारिश की संभावना है। विभाग ने बारिश से तापमान में और गिरावट आने की संभावना जताई है। पंजाब के न्यूनतम तापमान में 0.4 डिग्री की कमी दर्ज की गई। सबसे कम 5.5 डिग्री का न्यूनतम तापमान गुरदासपुर का दर्ज किया गया। वहीं अमृतसर का 7.3 डिग्री, लुधियाना का 7.6, पटियाला का 10.0, पठानकोट का 6.0, बठिंडा का 9.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### नए साल के जश्न के लिए नैनीताल तैयार

**नेनीताल।** नैनीताल में हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे। होटलों की ओर से लाइव म्यूजिक के साथ ही गाला डिनर व डीजे की भी व्यवस्था की गईहै। इसके अलावा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि मालरोड, ठंडी सड़क समेत नगर के कई हिस्सों को बिजली की मालाओं से सजाया गया है।

**सूचना**

हरे कृष्णा सहकारी आवास समिति लि० रजि० सं०419 मोदीनगर गाजियाबाद की आम सभा 17.01.2025 व चुनाव प्रक्रिया दिनांक 06.01.2025 से आरम्भ होकर मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो) दिनांक 17.01.2025 को समिति कार्यालय पर सम्पन्न होगा।
सूचानार्थ - समस्त समिति सदस्यगण

सचिव
हाल पता- भूखण्ड सं० 59, ग्राउंड फलोर समिति साईट (सुमन हॉल के सामने) मोदीनगर गाजियाबाद

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
2025 नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं



# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने नव वर्ष की पूर्व संध्या पर करंट क्राइम से की मन की बात

## बहुत कुरेदा लेकिन नहीं खोला गृहमंत्री और क्षेत्रीय अध्यक्ष से मुलाकात का राज



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सियासत में बातों के अर्थ होते हैं, सियासत में मुलाकातों के अर्थ होते हैं। मुलाकात चाहे बड़े चेहरे से हो, मुलाकात चाहे छोटे चेहरों से हो, लेकिन अगर मुलाकातों का सिलसिला लगातार चल रहा है तो फिर ये कहा जा सकता है कि कुछ ना कुछ जरूर वहां की सियासत में चल रहा है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की और उसी दिन उन्होंने मेरठ में भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया से मुलाकात की।

केंद्रीय मंत्री से मुलाकात, क्षेत्रीय अध्यक्ष से मुलाकात और फिर कहानी मे मोड तब आया जब मंगलवार को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपने क्षेत्र में अपने विधानसभा क्षेत्र के सांसदों से मुलाकात की। ये मुलाकातें क्यों हो रही हैं ये सियासी सरगर्मी ठंड के मौसम में क्यों बढ़ी है, इसके लेकर करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से बात की। सुनील शर्मा सियासत के बड़े खिलाड़ी हैं और वो जानते हैं कि किस मौके पर क्या कहना है। यहां मुलाकातों को लेकर उन्होंने इतना ही कहा कि दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मैंने मुलाकात के लिये समय मांगा था और उन्होंने मुझे समय दिया था। लगभग ग्यारह मिनट की मुलाकात हुई। इस दौरान कई विषयों पर बात हुई।

उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को लेकर बात की। घर परिवार के हाल चाल पूछे। यहां सुनील शर्मा ने कहा कि सियासी कोई बात नहीं हुई, लेकिन जब करंट क्राइम ने ये कहा कि जिस दिन अमित शाह से मुलाकात हुई उसी दिन ऐसा क्या था कि आप सीधा दिल्ली से मेरठ पहुंचे और क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया से मुलाकात की। इस पर सुनील शर्मा ने कहा कि यह एक इत्तेफाक रहा। उन्होंने कहा कि दरअसल क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र शिशौदिया और मेरा मिलने का कमिटमेंट हुआ था, मगर कुछ ऐसा हुआ कि एक दिन मैं बिजी हो गया और फिर एक दिन वो बिजी रहे। जिस दिन दिल्ली में मुलाकात हुई थी उसी दिन मेरठ वाली मुलाकात भी पहले से तय थी। लिहाजा इसमें कोई खास बात नहीं है। जब करंट क्राइम ने उन्हें मंगलवार को पार्षदों से मुलाकात की बात याद दिलाई तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि अपने क्षेत्र के पार्षदों से एक लंबे समय से मुलाकात नहीं हुई थी। लिहाजा मंगलवार को ठंड भगाने के लिये हमने आग सुलगाई और फिर पार्षदों के साथ चाय पी। इससे अधिक कुछ नहीं था।

### मंडल अध्यक्षों वाले सीन में मेरी नहीं है कोई रूचि

आम चर्चा ये चल रही है कि साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में आने वाले भाजपा के मंडल चुनाव में अध्यक्षों के नाम पर नंबर वन विधायक की दखल हो रही है। इस चर्चा पर विराम स्वयं साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने लगाया। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्षों के सीन में मेरी कोई रूचि नहीं है। सूचि घोषित होने के सवाल पर भी उन्होंने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 19 जिले हैं जिनमें से 9 जिलों के मंडल अध्यक्ष घोषित किये गये हैं और 10 जिलों के मंडल अध्यक्षों पर अब चर्चा होगी। उसके बाद ही मंडल अध्यक्ष घोषित होंगे।

### मैं जिसके साथ हूं, उसके साथ हूं और खिलाफ भी वफादारी से रहता हूं

मुलाकातों के सरप्राइज की बात हुई और यहां सियासी विरोधाभाष को लेकर छिड़ी चर्चा पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैं सबके साथ वफादारी से हूं, जिसके साथ हूं उसके साथ खुलकर हूं। उन्होंने कहा कि मैं जिसके साथ जब तक रहता हूं तब तक वफादारी से रहता हूं और जिनके खिलाफ रहता हूं उनके खिलाफ भी पूरी वफादारी के साथ रहता हूं।

### मैंने तो उन्हें फोन मिलाया था पर उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा अपनी विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों से मिल रहे हैं। वो दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर रहे हैं। वो दिल्ली से मेरठ जाकर क्षेत्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर रहे हैं। लेकिन जब उनके दिले में पूर्व सांसद और मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह आते हैं तो कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा उनसे मिलने नहीं गए, उन्हें बधाई नहीं दी। इस सवाल पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि हम सियासी शिष्टाचार जानते हैं। मैंने स्वयं मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह को बधाई देने के लिये फोन मिलाया था, लेकिन मेरी फोन कॉल ही रिसीव नहीं हुई। जब मेरा फोन ही नहीं उठाया तो फिर मैंने उन्हें एसएमएस से बधाई दी और मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

### मैं हूं अभी तक हूं नदी गोमती, कोई घाघरा बनाने की कोशिश करें तो क्या हूं

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने निगम चुनाव के दौरान खुद को तटस्थ बताया था और अपनी तुलना गोमती नदी से की थी। मंडल अध्यक्षों में दखल और 2027 के आगे के चुनावी विजन और अन्य मुद्दों को मिलाकर उन्होंने कहा कि मैं अभी तक गोमती नदी हूं और अगर कोई मुझे घाघरा नदी बनाने की कोशिश करें तो कह नहीं सकता हूं, लेकिन अभी तक मैं गोमती नदी हूं। अब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गोमती नदी में घाघरा नदी की एंट्री क्यों कराई है ये वो बेहतर जानते हैं।

### मैं किसी को धोखा देता नहीं और धोखा खाने पर बुरा लगता नहीं : सुनील शर्मा

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से जब ये पूछा गया कि क्या आपके और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के बीच ट्यूनिंग एरर है तो सुनील शर्मा ने इस बात से इनकार किया। उन्होंने कहा कि कोई ट्यूनिंग एरर नहीं है। उन्होंने बताया कि सांसद अतुल गर्ग तो नई दिल्ली में आवास मिलने पर हम सबको वहां लंच पार्टी देना चाहते हैं। इसके लिए सभी का समय निश्चित हो रहा है और उपलब्धता के आधार पर यह कार्यक्रम रखा जाएगा। हम सब एकसाथ मिलकर लंच करेंगे। लेकिन कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने यहां दार्शनिक अंदाज में अपनी बातों से पंच भी दिया। ट्यूनिंग एरर से इनकार किया और कहा कि मैं किसी को धोखा देता नहीं हूं और धोखा खाने पर मुझे बुरा नहीं लगता। उन्होंने इस बात को देश के एक स्व. पूर्व प्रधानमंत्री का वक्तव्य बताते हुए कहा कि यह बात उन्होंने कही थी कि धोखा देना बुरी बात है, लेकिन धोखा खाना बुरी बात नहीं है और यह बात मेरे मन मस्तिष्क पर अंकित है।

### राजनीति में कोई फुलस्टॉप नहीं होता है

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सर्द मौसम में विधानसभा क्षेत्र के पार्षदों के साथ बैठक कर रहे हैं। सियासत में ये खबर फैल रही है कि सुनील शर्मा आखिर कौन सी रणनीति तैयार कर रहे हैं। इस सवाल पर कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि मैं अपने विधानसभा क्षेत्र से बाहर अभी कोई लक्ष्य तय नहीं कर रहा हूं। कोई दिशा नहीं तय की है। जहां तक बात 2027 के चुनाव की है तो चुनाव 2026 में भी हो जाए तो मैं उसके लिय तैयार हूं। लोकसभा चुनाव की संभावनाओं पर उन्होंने कहा कि अभी तो मैं अपना पूरा फोकस 2027 पर लगा रहा हूं और उसके आगे की बात आगे देखी जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई फुलस्टॉप नहीं होता है और साथ ही उन्होंने कहा कि -छोड़ों कल की बातें कल की बात पुरानी, नए दौर में लिखेंगे हम मिलकर नई कहानी।




## क्राइम कंट्रोल में क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम रही पूरे साल एक्टिव

# 50 हजार के 10 ईनामी सहित सैकड़ो बदमाशों को पहुंचाया सलाखों के पीछे



मादक पदार्थ तस्करों से लेकर सनसनीखेज डकैती और चोरियों का खोला राज

**गौरव शशि नारायण**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के द्वारा कमिश्नरेट के क्राइम कंट्रोल को लेकर एक्टिव मोड पूरे साल जारी रखा गया है।

वर्ष 2024 में कमिश्नरेट पुलिस गाजियाबाद द्वारा 50 हजार के 10 ईनामी बदमाश, तो 25000 के पांच, 20000 के 6 और कुल 21 पेशेवर अपराधियों पर कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही इनसे 7,45,000 की रिकवरी भी की गई। इसके साथ ही 16 वर्षों से फरार चल रहे एक आरोपी को क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया है। तो अवैध शराब की तस्करी करने वालों की कमर तोड़ते हुए 50 लाख रुपए से ज्यादा की शराब बरामदगी की। वहीं सनसनीखेज डकैती की घटनाओं का भी क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने खुलासा किया है। तो वहीं कई लूट और सनसनीखेज वारदातों और प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट रैपिड रेल की चोरियों का खुलासा स्वॉट टीम ने किया।

इसके साथ ही इंदिरापुरम में करोड़ों की घड़ी चोरी के मामले में भी स्वॉट टीम क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके साथ ही सनसनीखेज हत्याकांड से लेकर वाहनों के चोरियों के गिरोह का खुलासा। एटीएम फ्रॉड करने वाले, अवैध हथियारों का जखीरा और गैस रिफिलिंग के कई केस खोलने का काम किया है।

### अफीम, गांजा और शराब तस्करों पर कसी है क्राइम ब्रांच ने नकेल



**करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद द्वारा दिल्ली-एनसीआर सहित उड़ीसा, झारखंड, बिहार और अन्य प्रदेशों के रास्ते दिल्ली-एनसीआर तक अवैध रूप से गांजा पहुंचाने के गिरोह का खुलासा करते हुए लगभग 400 किलो अवैध गांजा और दो करोड़ रुपए कीमत का माल जप्त किया गया है। वहीं नेपाल, बिहार, झारखंड के रास्ते अफीम लाकर तस्करी करने वाले गिरोह के 15 तस्करों से 15 किलो अफीम जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 करोड़ 75 लाख रुपए थी, उसमें भी सफलता हासिल की है। इसके साथ ही ट्रक- कैंटर और अन्य वाहनों में शराब की पेटियों को छुपाकर ले जाने वाले गिरोह पर भी क्राइम ब्रांच की पड़ रही है। इस दौरान 711 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जप्त की गई है। जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 50 लाख रुपए से अधिक थी, वहीं उनके वाहनों का भी जप्तिकरण किया गया है।

### पुरस्कार घोषित बदमाशों पर क्राइम ब्रांच की रही मजबूत पकड़



क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने जानकारी दी है कि वर्ष 2024 में क्राइम ब्रांच की टीम ने लगातार वांछित और पुरस्कार घोषित आरोपियों पर कार्रवाई की है। इस दौरान बीते एक साल के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 50 हजार के 10 अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया गया है। तो वहीं 25 हजार के पांच और 20 हजार के 6 के साथ कुल 21 पेशेवर अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाने का काम किया गया है। वहीं मसूरी थानाक्षेत्र के एक मुकदमे में 16 वर्षों से फरार चल रहे ट्यूटर को भी स्वॉट टीम ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम ने ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया, जो बीते 16 सालों से फरार चल रहा था। इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण अपराधियों का राज खोलने व ठिकाने लगाने और खुलासों में क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### एटीएम फ्रॉड से लेकर साइबर ठगों पर क्राइम ब्रांच ने की कड़ी कार्रवाई

**करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर में एटीएम बदलकर ठगी करने वाला और एटीएम मशीन में जालसाजी करने वाले गिरोह एक्टिव हैं। इसपर भी क्राइम ब्रांच गाजियाबाद स्वॉट टीम ने कार्रवाई की है। तो वही साइबर ठगी कर लोगों से पैसे की उगाही करने वाले और लोगों को चूना लगाने वाले गिरोह पर साइबर सेल, पुलिस और क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम गाजियाबाद ने समय-समय पर कार्रवाई करते हुए कई खुलासे साल-2024 में किए हैं।

### चोरों के बीच भी खूब मचा क्राइम ब्रांच का शोर



**करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट रैपिड रेट दिल्ली से मेरठ के बीच निर्माण के दिनों के दौरान बिजली के केवलि, तांबा फिश प्लेट बनाने सामान चोरी करने वाले गिरोह के कुल 9 अभियुक्तों को क्राइम ब्रांच की टीम ने ही गिरफ्तार करने और लगातार हो रही चोरियों को खोलने का काम किया था। तो वही इंदिरापुरम थानाक्षेत्र में घड़ियों के शोरूम में करोड़ों रुपए की चोरी के मामले में 125 कीमती घड़ियां बरामद की गईं थीं। इस घटना में दिल्ली और बिहार से संपर्क साधते हुए घोड़ासहन गिरोह पर क्राइम ब्रांच की टीम ने ही कार्रवाई की थी और इन घटनाओं का खुलासा करते हुए पुलिस के अधिकारियों को राहत पहुंचाने का काम किया था।

### अवैध असलहों पर क्राइम ब्रांच ने जमकर की कार्रवाई



**करंट क्राइम।** क्राइम ब्रांच गाजियाबाद स्वॉट टीम द्वारा अपराध करने वालों के विरुद्ध बीते एक वर्ष के दौरान ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई है। 15 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 11 पिस्टल, 6 तमंचे और भारी मात्रा में कारतूस बरामद किए गए हैं। वहीं क्राइम ब्रांच द्वारा जम्मू राज में फर्जी तरीके से अवैध शस्त्र लाइसेंस तैयार करके चार पिस्टल ,32 बोर के मैगजीन, रिवाल्वर, राइफल डबल बैरल बंदूक व फर्जी लाइसेंस बरामद करने का भी खुलासा किया गया।

### मोबाइल टावरों में चोरी और रेडियो रिसीवर यूनिट गैंग की क्राइम ब्रांच में तोड़ी कमर



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद से क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी लगातार मोबाइल टावरों के रेडियो रिसीविंग यूनिट बैट्री और उनके कीमती सामानों की चोरी करने वाले गिरोह पर नकेल कसने का काम कर रहे हैं। इस दौरान गैंग के सरगना जावेद मीरापुरिया को भी गिरफ्तार करने का काम किया गया है। तो वहीं 50 हजार और एक लाख रुपये तक के इनामी बदमाशों को क्राइम ब्रांच की टीम ने बीते 2 सालों के दौरान 44 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से कुल 183 आरआरक्यू, 157, 39 बैटरी और भारी मात्रा में चोरी करने के उपकरण व 11 वाहनों को बरामद किया गया है। इसी के साथ मोबाइल टावरों में चोरी करने वाले गिरोह व उनके सदस्यों पर कार्रवाई करते हुए 15 करोड़ रुपए से ज्यादा का चोरी का कीमती सामान भी क्राइम ब्रांच गाजियाबाद की टीम ने सक्रियता के साथ बरामद किया है।



**एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद और क्राइम ब्रांच गाजियाबाद टीम के प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी और उनकी टीम ने वर्षभर एक के बाद एक कई महत्वपूर्ण खुलासे करने के साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम को क्राइम कंट्रोल में मजबूती प्रदान करने का काम किया है।**



### हाईवे पर गैस रिफिलिंग नेटवर्क को क्राइम ब्रांच ने तोड़ा

**करंट क्राइम :** हिंदुस्तान पैट्रोलियम गैस रीफिलिंग सेंटर लोनी से गैस टैंकरों के जरिए देश और प्रदेश के कई राज्यों में जाती है। इसपर चोरों के गैंग का नेटवर्क काबिज था, जो हाइवे पर गैस चोरी करता था, इस मामले का खुलासा भी वर्ष 2024 में क्राइम ब्रांच गाजियाबाद स्वॉट टीम ने ही किया। यह लोग यहां से गैस चोरी कर करके फिर बाजार में गैस की कालाबाजारी करते थे। इससे बड़े हादसे होने का भी खतरा रहता था, लेकिन क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम गाजियाबाद ने महत्वपूर्ण इनपुट के बाद इस पर कार्रवाई करते हुए इस गिरोह का भी भंडाफोड़ किया।






गाजियाबाद की जनता के लिए साल 2025 शुभ हो। गाजियाबाद के लोग हर क्षेत्र में तरक्की करें। मेरी सभी नगरवासियों को नववर्ष के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

**-अतुल गर्ग, गाजियाबाद सांसद**



नववर्ष 2025 सभी के लिए शुभ हो। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि सभी के जीवन में नया वर्ष नई उन्नति लेकर आये।

**-सुनील शर्मा, कैबिनेट मंत्री एवं साहिबाबाद विधायक**



शहरवासियों को मेरी ओर से नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाएं। हम सभी नए साल के लिए प्रण लें कि हम गीला-सूखा कूड़ा अलग-अलग डालें। स्वच्छता के प्रति नगर निगम का सहयोग करें।

**-सुनीता दयाल, महापौर**



उत्तर प्रदेश के सभी प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं। मैं सभी प्रदेश वासियों से अपील करता हूं कि आपसी मतभेद भुलाकर प्रदेश की तरक्की में सहयोग करें।

**-नरेंद्र कश्यप, राज्यमंत्री**



सभी जनपदवासियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं। लोग नववर्ष को उल्लास के साथ मनाएं। कानून और नियमों का पालन करें।

**- संजीव शर्मा, शहर विधायक**



नववर्ष 2025 सभी के लिए शुभ हो। भगवान श्रीराम सभी को सुख-शांति और बेहतर स्वास्थ्य प्रदान करें। हमारा प्रदेश और देश नई ऊंचाईयों को हासिल करे।

**-अजीतपाल त्यागी विधायक**



जनपदवासियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं। नववर्ष पर समाज के प्रति कुछ अच्छा करने का संकल्प लेते हुए अपने परिवार के साथ न्यू ईयर मनाएं।

**-नन्द किशोर गुर्जर लोनी विधायक**



सभी जनपदवासियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं। नववर्ष पर समाज के प्रति कुछ अच्छा करने का संकल्प लेते हुए अपने परिवार के साथ न्यू ईयर मनाएं।

**-धर्मेश तोमर धौलाना विधायक**



मेरी ओर से सभी जनपदवासियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं। समाज के प्रति कुछ अच्छा करने का संकल्प लेते हुए अपने परिवार के साथ नववर्ष मनाएं।

**-एमएलसी दिनेश कुमार गोयल**



जनपदवासियों को नववर्ष 2025 की बधाई देते हुए सभी लोग शांतिपूर्वक तरीके से नववर्ष का स्वागत करें। वाहन चालक नए साल में कानूनों का पालन करने का प्रण लें।

**-अजय मिश्र पुलिस कमिश्नर**



जनपदवासियों को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं देते हुए नए साल में देश की एकता एवं अखण्डता का प्रण लेने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित करता हूं।

**-जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह**



सभी को नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं। शहरवासियों से अपील है कि अपने शहर को साफ सुथरा बनाने में योगदान दें।

**- नगरायुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक**

01 01 2025

सेलेब्रिटी जन्मदिन

# जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

## आज के जन्मदिन


नाना पाटेकर
अभिनेता


विवेक भाटी
डायरेक्टर, वुडहिल ग्रुप

संजीव गुप्ता
(चेयरमैन समरकूल ग्रुप)

अमरपाल शर्मा
पूर्व विधायक

रूपेश साधना


यामिका | दिया शर्मा | आशा भाटी | शबनम खान | रमा शर्मा


प्रीति चौबे | रूपा भट्ट | सारिका आहलूवालिया | अलका शर्मा | डॉली सिंह


हेमलता देवी | मुकेश नागर | पूजा सिंह | अमरजीत सिंह बिड़डी रालोद नेता | मदन पांचाल | प्रवीण यादव | बीके शर्मा हनुमान | चंदन कुमार | संतराम यादव | सुशील कुमार निर्वाण | आयुष कुमार | हरिओम गुप्ता | शिवकुमार पवार | जब्बार मलिक


अशोक राणा | अलामुद्दीन कस्सार | अमित चौधरी | अमित गुर्जर | अमित पायल | अनिल मुदगल | आशीष चौधरी | अशोक कुमार | अयान खान | बाबूराम शर्मा | भूदेव त्यागी | दीपक गुर्जर | पंकज नागर


देवेन्द्र पायल | दिनेश शर्मा | डॉ. महेश कुमार | हीरालाल गुप्ता | जितेन्द्र कालरा | कुलदीप चौधरी | मनोज चौधरी | मिर्जा ताहिर बेग | मोहसिन अली अल्वी | मुकेश डबास | मुकुल शर्मा | प्रमोद कुमार | सतीश नागर


राधेकृष्ण अरोड़ा | राजीव शर्मा | राकेश गौतम | चंदन कुमार | सतीश कुमार | संदीप शर्मा | शिवम शर्मा | शुभम वशिष्ठ | विनोद गौर | सुमित उपाध्याय | तेजेंद्र सिंह | विपिन वर्मा | अनूप यादव


चतर सिंह | चेत बहादुर थापा | दीपक पंडित | देवेन्द्र त्यागी | देवी सिंह नागर | डॉ. मुकेश शर्मा | दुर्गेश सिंह | गिरीश गोविल | वीरेंद्र कुमार मिश्रा | सते पंडित | हैदर अली | हेमंत वशिष्ठ | विक्रम सिंह


आदेश शर्मा | अजित गिरी | अखिलेश शर्मा | अनिल गुप्ता | अरविन्द कुमार | अवधेश चौधरी | धर्मदेव सिंह | सुधीर शर्मा | दुष्यंत कुमार | फरमान खान | हरेंद्र गुर्जर | जितेन्द्र शर्मा | अंश गोयल


महिन्द्र कुमार | मजू चौधरी | नरेन्द्र मावी | नीरज कुमार | पंकज कुमार | पवन भाटी | पिंटू यादव | राजा सेठ | राजेश सोम | राजकिशोर सिंह | राजपाल यादव | रंजीत वर्मा | सोनू चौधरी


कृष्ण कुमार | कुलदीप कुमार | कुलदीप त्यागी | कुलदीप | मनमोहन गामा | मुकेश गुप्ता | नागेंद्र चौहान | नंदकिशोर | सुनील भारद्वाज | मौ. आतिब


राज | राजेश फौजदार | रवि चौहान | रवि नागर | रविन्द्र राणा | संजीव हुड्डा | संजीव दूबे | पुलकित मिश्रा | अजय कुमार | अनील गौतम

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए जी एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ मिल सकता है आराम

## रोहित-कोहली पर फैसला सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग में होगा

**रोहित ने कहा था- बेशक, बुमराह ने बहुत ज्यादा बॉलिंग की। हमें सभी गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेज करने के बारे में सोचना होता है।**




**मुंबई।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ वनडे और टी-20 सीरीज में आराम दिया जा सकता है। इंग्लिश टीम चैंपियंस ट्रॉफी से ठीक पहले भारत के दौरे पर आ रही है। टीम को यहां 5 टी-20 और 3 वनडे की सीरीज खेलनी है। यह सीरीज 22 जनवरी से शुरू हो रही है।

इंडिया टुडे की रिपोर्ट में बताया गया है कि बुमराह को वर्कलोड मैनेजमेंट के तरह आराम दिया जा रहा है। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के चार मैचों में 141.2 ओवर गेंदबाजी कर चुके हैं। सीरीज का एक मैच अभी बाकी है। एक दिन पहले ही रोहित शर्मा ने बुमराह पर ज्यादा वर्कलोड की बात स्वीकारी थी।

रोहित ने कहा था-बेशक, बुमराह ने बहुत ज्यादा बॉलिंग की। हमें सभी गेंदबाजों का वर्कलोड मैनेज करने के बारे में सोचना होता है। हालांकि, जब कोई खिलाड़ी अपने टॉप फॉर्म में हो, तो उनका ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल भी करना चाहिए। ऐसा ही हमने बुमराह के साथ भी किया। तेज गेंदबाजों को लेकर हमें कई बार ध्यान रखना होता है, उन्हें लगातार बॉलिंग भी नहीं करा सकते। बुमराह के साथ भी हमने वर्कलोड का बहुत ध्यान रखा। मैं मैच के दौरान भी उनसे बात करता रहा कि वह बॉलिंग करने के लिए फिट फील कर रहे हैं या नहीं।'

जसप्रीत बुमराह मंगलवार, 30 दिसंबर को क्ळउ क्रिकेटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुए हैं। वे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेल रही भारतीय टीम का हिस्सा हैं। बुमराह बीजीटी-2024 में सबसे ज्यादा विकेट ले चुके हैं। उन्होंने 4 टेस्ट की 8 पारियों में 30 विकेट चटकाए हैं।

रोहित-कोहली की उपलब्धता पर फैसला बैठक में होगा रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से लिखा गया कि कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज खेलने पर फैसला सिलेक्शन कमेटी की मीटिंग में होगा। रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3 मैचों में महज 33 रन ही बना सके हैं, जबकि कोहली ने 4 मैचों में 167 रन बनाए हैं। तो चैंपियंस ट्रॉफी में बिना प्रैक्टिस के उतरेंगे यदि बुमराह को आराम दिया जाता है, उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी में बिना प्रैक्टिस के जाना होगा। क्योंकि, जसप्रीत ने आखिरी वनडे मैच 19 नवंबर 2023 को अहमदाबाद में खेला था। वह वनडे वर्ल्ड कप का फाइनल मैच था। बुमराह ने उस मुकाबले में 2 विकेट लिए थे।

# विराट कोहली को लेकर बोले इरफान पठान

## कहा उन्होंने अपनी खुद की उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया




**नई दिल्ली।** विराट कोहली पिछले लंबे समय से अपनी खराब फार्म को लेकर जूझ रहे हैं। दरअसल बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी की इस सीरीज में विराट कोहली का बल्ला एक दम खामोश नजर आया है। हालांकि विराट कोहली ने पहले मैच में शतक लगाया था, लेकिन इसके बाद तीन टेस्ट मैच में विराट का बल्ला नहीं चला है। वहीं अब उनकी खराब फार्म को लेकर उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विराट कोहली इस सीरीज में ज्यादातर बार ऑफ स्टंप की बॉल को खेलने के चलते आउट हुए हैं। ऐसे में उनकी यह गलती अब भारतीय दिग्गज खिलाडी को रास नहीं आ रही है।

विराट कोहली ऑफ स्टंप की बॉल पर इस सीरीज में कई बार आउट हो चुके हैं। वहीं मेलबर्न टेस्ट मैच के दौरान भी विराट कोहली ऑप्शन की बॉल को खेलने के चलते स्लिप में कैच थमा बैठे। इसके बाद विराट कोहली की इस गलती को लेकर पूर्व भारतीय खिलाडी इरफान पठान ने बड़ी बात कही है।

- **इरफान पठान ने विराट कोहली की इस गलती को लेकर कहा कि कोहली की यह कमजोरी बहुत पुरानी है, जिसे वह सुधारने में नाकाम रहे हैं।**

दरअसल पूर्व भारतीय खिलाड़ी इरफान पठान ने विराट कोहली की इस गलती को लेकर कहा कि कोहली की यह कमजोरी बहुत पुरानी है, जिसे वह सुधारने में नाकाम रहे हैं। इरफान पठान ने कहा कि ऐसा पहली बार नहीं है, विराट कोहली जब यह शॉट खेल रहे हैं, वह ऑफ स्टंप के बाहर ड्राइव खेलने का प्रलोभन छोड़ नहीं पा रहे हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने विराट कोहली के ऑफ फील्ड अनुशासन की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि विराट कोहली के ऑफ फील्ड अनुशासन और कड़ी मेहनत की हम तारीफ करते हैं, लेकिन उनका यह अनुशासन बल्लेबाजी में नजर नहीं आता है।

इरफान पठान ने न सिर्फ विराट कोहली बल्कि रोहित शर्मा की भी आलोचना की है, कि इस सीरीज में हमें दोनों खिलाड़ियों से बहुत उम्मीदें थी, रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने ही न सिर्फ हम सभी को निराश किया है, बल्कि उन्होंने अपनी खुद की उम्मीद पर भी पानी फेर दिया है। इरफान पठान ने कहा कि ह्यदोनों सीनियर्स (रोहित और विराट) का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। वह लगातार गलतियां कर रहे हैं। हालांकि अब देखना होगा कि विराट कोहली सिडनी में खेले जाने वाले टेस्ट मैच में कैसा प्रदर्शन करते हैं। यह सीरीज भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। सिडनी में खेला जाने वाला टेस्ट मैच भारत अगर जीत जाता है, तो वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल का रास्ता भी खुल जाएगा

# जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच पहला टेस्ट ड्रॉ : दोनों टीमों ने 580+ रन बनाए, 2 प्लेयर्स की डबल सेंचुरी, 4 ने शतक लगाए



**बुलवायो।** जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच बुलवायो में ड्रॉ हो गया। क्वींस स्पोर्ट्स पार्क में जिम्बाब्वे ने पहले बैटिंग करते हुए 586 रन बनाए। अफगानिस्तान ने भी बेहतरीन बैटिंग की और 699 रन बना दिए। मैच के आखिरी दिन तक जिम्बाब्वे की दूसरी पारी भी पूरी नहीं हो सकी, इस कारण मुकाबला ड्रॉ हो गया।

मैच में अफगानिस्तान से 2 प्लेयर्स ने डबल सेंचुरी और एक ने शतक लगाया। वहीं जिम्बाब्वे से 3 खिलाड़ियों के शतक आए। गेंदबाजों के लिए मुकाबला कुछ खास नहीं रहा, दोनों टीमों से पहली पारी में 7 बॉलर्स ने 100 से ज्यादा रन खर्च किए।

जिम्बाब्वे ने 586 रन बनाए गुरुवार को बुलवायो में जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम से शॉन विलियम्स ने 154, क्रैग इरविन ने 104 और ब्रायन बेनेट ने 110 रन बनाए। बेन करन ने 68 और टी कायतानो ने 46 रन की पारी खेली। टीम ने पहली पारी में 586 रन का स्कोर खड़ा किया।

अफगानिस्तान से पहली पारी में अल्लाह गजनफर ने 3 विकेट लिए। नावीद जारदान, जहीर खान और जिया उर-रहमान को 2-2 विकेट मिले। वहीं एक सफलता अजमतुल्लाह ओमरजई को मिली।

अफगानिस्तान से 2 प्लेयर्स की डबल सेंचुरी अफगानिस्तान ने भी अपनी पहली पारी में मजबूत बैटिंग की। टीम से रहमत शाह ने 234 और कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी ने 246 रन बनाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 364 रन की रिकॉर्ड पार्टनरशिप भी हुई। आखिर में हजरतुल्लाह जजई ने भी 113 रन की पारी खेली और टीम का स्कोर 699 रन तक पहुंचा दिया।

जिम्बाब्वे से ब्रायन बेनेट ने 5 और शॉन विलियम्स ने 2 विकेट लिए। 1-1 विकेट ब्लेसिंग मुजरबानी, ट्रेवर ग्वांडु और न्यूमैन न्याम्हुरी को मिला। टीम से 3 गेंदबाजों ने 100 प्लस रन खर्च किए।

जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी में 4 ही विकेट गंवाए अफगानिस्तान ने पहली पारी में 113 रन की बढ़त ली। पांचवें दिन जिम्बाब्वे ने दूसरी पारी शुरू की। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 4 विकेट खोकर 142 रन बना लिए, यहां उन्हें 29 रन की बढ़त मिल चुकी थी। इसी वक्त दोनों टीमों के कप्तानों ने हाथ मिलाया और ड्रॉ के लिए मान गए।

जिम्बाब्वे से शॉन विलियम्स ने 35, क्रैग इरविन ने 22, बेन करन ने 41 और जॉयलॉर्ड गाम्बी ने 24 रन बनाए। टी कायतानो 5 और डायन मायर्स 4 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान से 2 विकेट जहीर खान और 1 विकेट गजनफर को मिला। एक बैटर रनआउट भी हुआ।

दूसरा टेस्ट 2 जनवरी से दोनों टीमों के बीच सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट 2 दिन बाद ही 2 जनवरी से शुरू हो जाएगा। यह मैच भी बुलवायो में ही खेला जाएगा। इससे पहले दोनों के बीच वनडे और टी-20 की सीरीज भी हुई। अफगानिस्तान ने टी-20 सीरीज 2-1 और वनडे सीरीज 2-0 से जीती। वनडे सीरीज का एक मैच बेनतीजा रहा था।

# सैम कोनस्टास से सीखें दिग्गज खिलाड़ी



**वॉर्नर ने कोनस्टास को बताया बहादुर**

कोनस्टास ने प्रधानमंत्री एकादश के लिये खेलते हुए भारत के खिलाफ 97 गेंद में 107 रन बनाये थे और एमसीजी पर भारत ए के खिलाफ नाबाद 73 रन की पारी खेली थी। वॉर्नर ने कहा ,प्रधानमंत्री एकादश के लिये उसकी पारी ने साबित कर दिया था कि वह प्रतिभाशाली ही नहीं , बहादुर भी है। उन्होंने कहा, वह शीर्षक्रम में इतना बेखौफ खेल रहा था । जो खिलाड़ी 50 टेस्ट खेल चुके हैं, उन्हें भी ऐसे साहसिक बल्लेबाजी करनी चाहिये थी। उन्हें भी क्रीज से बाहर निकलकर शॉट खेलने चाहिये थे ।

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया ने मेलबर्न टेस्ट में भारत के खिलाफ 19 साल के युवा खिलाड़ी सैम कोनस्टास को डेब्यू का मौका दिया। इस खिलाड़ी ने पहले ही पारी में अर्धशतक जमाया। वह पहली पारी में भारत के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ काफी प्रभावित नजर आए। हालांकि अगली ही पारी में उन्हीं की गेंद पर बोल्ड हो गए। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर अपनी टीम के बाकी खिलाड़ियों को इस युवा से सीखने को कहा है।

डेविड वॉर्नर ने कोनस्टास की तारीफ करते हुए कहा कि ऑस्ट्रेलिया के सीनियर खिलाड़ियों से फॉर्म में चल रहे भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ उसी की तरह आक्रामक मानसिकता के साथ उतरने का अनुरोध किया।

### डेविड वॉर्नर ने सैम कोनस्टास की तारीफ की

वॉर्नर ने एएपी से कहा, यह बहुत खास था। लोग उसकी आलोचना भी करेंगे। लेकिन यह उसका स्वाभाविक खेल है और वह ऐसे ही खेलेगा। बुमराह जैसे गेंदबाज के खिलाफ आपको यह करना ही होगा। उन्होंने दूसरी पारी में बुमराह के लिये थर्डमैन और फाइन लेग पर फील्डर लगाया था। उसके लिये यह टेस्ट अच्छा अनुभव रहा। इस श्रृंखला में 30 विकेट ले चुके बुमराह की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा , आप यही उम्मीद करेंगे कि आखिरी टेस्ट में वह इसी लय में नहीं रहे ।वह जीनियस है । उसका रिकॉर्ड शानदार है ।उस पर दबाव बनाना बहुत कठिन है। उज्जी ( उस्मान ख्वाजा ) पहले स्पैल में उसकी दो गेंद खेल सका। बल्लेबाजों को उसके सामने किस्मत की भी जरूरत होती है। उन्होंने कहा, वह खुशकिस्मत रहा कि अर्धशतक बनाया। उम्मीद है कि सिडनी टेस्ट में भी वह इस तरह से खेलेगा क्योंकि सिडनी में उसका रिकॉर्ड भी अच्छा है।

# पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली अस्पताल में डांस करते दिखे: वीडियों में चक दे इंडिया के गाने पर डांस किया, 21 दिसंबर से एडमिट हैं



**मुंबई।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर विनोद कांबली का अस्पताल में डांस करते हुए एक वीडियो सामने आया है। 58 सेकंड के वीडियो में कांबली एक लड़की के साथ चक दे इंडिया के गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। उन्होने एक क्रिकेट शॉट भी लगाया। 52 साल के विनोद कांबली ठाणे जिले के आकृति अस्पताल में एडमिट हैं। वे 21 दिसंबर को तबियत खराब होने के कारण एडमिट हुए थे। उनके ब्रेन में क्लॉटिंग हुई थी।

7 दिन पहले गाना गाया था, शराब न पीने की सलाह दी थी 7 दिन पहले 24 दिसंबर को कांबली ने अस्पताल से दिए इंटरव्यू में कहा था कि वे अब अच्छा महसूस कर रहे हैं। कांबली ने हॉस्पिटल के बेड पर 'वी आर द चैंपियन...वी विल बैक' गाना भी गाया। उन्होंने लोगों को नसीहत दी कि शराब न पिएं, ये आपके परिवार को पसंद नहीं आएगा। कोच आचरेकर के समारोह में दिखे थे, सचिन का हाथ पकड़ा कांबली 4 दिसंबर को कोच आचरेकर समारोह में नजर आए थे। इसमें वे सचिन का हाथ कस कर थाम लेते हैं। फिर एंकर आता है और कांबली को हाथ छोड़ने को लेकर समझाता है। आखिर में सचिन उनसे दूर चले जाते हैं। यहां कांबली के चेहरे पर निराशा नजर आती है।

जब मैदान पर रो पड़े थे कांबली 13 मार्च 1996 को कोलकाता के ईडन गार्डन में भारत और श्रीलंका के बीच वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल था। श्रीलंका ने 251 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम एक समय 98 रन पर एक विकेट गंवाकर अच्छी स्थिति में थी, लेकिन सचिन के आउट होने के बाद टीम का बल्लेबाजी क्रम ढह गया। टीम इंडिया ने 120 रनों पर 8 विकेट गंवा दिए थे।

35वां ओवर होना था और भारतीय टीम को 156 गेंदों पर 132 चाहिए थे। विनोद कांबली 10 और अनिल कुंबले बगैर खाता खोले क्रीज पर मौजूद थे। इसके बाद दर्शकों ने मैदान पर बोतलें फेंकनी शुरू कर दीं। स्टेडियम के एक हिस्से में आग लगा दी। मैच रोक दिया गया और श्रीलंका को विजेता घोषित कर दिया गया। तब मैदान से लौटते समय कांबली रोने लगे।

**कांबली का करियर: 17 टेस्ट मैचों में 1084 रन बनाए**

कांबली ने 1991 में वनडे डेब्यू और 1993 में टेस्ट में डेब्यू किया था। वे 14 पारियों में सबसे तेज 1000 टेस्ट रन बनाने वाले बल्लेबाज थे। भारतीय टीम के लिए 17 टेस्ट मैचों में कुल 1084 रन बनाए। इनमें 4 शतक और 3 अर्धशतक शामिल हैं। 104 वनडे मैचों में कुल 2477 रन बनाए, जिनमें 2 शतक और 14 अर्धशतक शामिल हैं। 2000 के दशक में उनका प्रदर्शन बहुत ही खराब रहा और इसी वजह से वह टीम इंडिया से बाहर हो गए। उन्होंने टीम इंडिया के लिए अपना आखिरी वनडे मैच साल 2000 में श्रीलंका के खिलाफ खेला।

कांबली ने कीं 2 शादियां, फिल्मों में भी काम किया कांबली ने दो शादियां कीं। पहली शादी नोएला से और दूसरी शादी फैशन मॉडल एंड्रिया हेविट से की। जून 2010 में एंड्रिया ने कांबली के बेटे जीसस क्रिस्टियानो को जन्म दिया। 2000 में क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कांबली ने फिल्मों का भी रुख किया।

2002 में संजय दत्त, सुनील शेट्टी और प्रीति झांगियानी स्टारर 'अनर्थ' फिल्म रिलीज हुई। रवि दीवान के निर्देशन में बनी यह फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही। 2009 में फिर से कांबली ने पल-पल दिल के साथ नाम की फिल्म की। वीके कुमार के डायरेक्शन वाली फिल्म में कांबली के पूर्व क्रिकेटर दोस्त अजय जडेजा और माही गिल थे, लेकिन यह फिल्म भी दर्शकों का दिल नहीं जीत पाई।

# सर रिचर्ड्स और गावस्कर के क्लब में शामिल नितीश रेड्डी

**नई दिल्ली।** बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 का बेहद अहम और चौथा टेस्ट मैच मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जा रहा है। यह टेस्ट मैच 26 दिसंबर से खेला जा रहा है, जिसमें दो युवा बल्लेबाजों ने अपने खेल से खूब सुर्खियां बटोरीं। पहले ऑस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट डेब्यू कर रहे सैम कोंस्टस और दूसरे भारत के युवा बल्लेबाज नितीश कुमार रेड्डी। मेलबर्न टेस्ट मैच में कोंस्टस ने अपने करियर का पहला टेस्ट अर्धशतक लगाया और नितीश ने अपने टेस्ट करियर का शतक लगाकर इतिहास रच दिया। इसके साथ ही अब नितीश कुमार रेड्डी का नाम मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के विजिटर बोर्ड पर दर्ज हो गया है।




मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के विजिटर बोर्ड के टेस्ट सेंचुरी वाले हिस्से पर कई बड़े दिग्गजों के नाम दर्ज हैं। जिसमें जैक हॉब्स, सर विवियन रिचर्ड्स और सुनील गावस्कर जैसे दिग्गज शामिल हैं। अब इस लिस्ट में नितीश कुमार रेड्डी का नाम भी दर्ज हो गया है। नितीश ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक 28 दिसंबर 2024 को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर लगाया था। इस शानदार पल का गवाह बनने के लिए नितीश का पूरा परिवार स्टेडियम में मौजूद था। नितीश के पिता मुत्याला रेड्डी उन्हें शतक लगाते देख बेहद खुश हुए, उनकी आंखों में आंसू आ गए थे।

# नए साल की शुरूआत में ही क्या रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट करियर पर लग जाएगा ग्रहण?




**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा और विराट कोहली का टेस्ट करियर क्या नए साल के पहले सप्ताह में खत्म हो सकता है? इसका जवाब काफी हद तक हां कहा जा सकता है। इसके पीछे एक नहीं, बल्कि कई कारण है। उन कारणों के बारे में जान लीजिए कि आखिरकार हिटमैन रोहित शर्मा और रन मशीन कोहली के साथ समस्या क्या है? रोहित शर्मा इस समय टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान हैं, लेकिन उनसे टेस्ट कप्तानी छिनने और टीम से ड्रॉप किए जाने का खतरा मंडरा रहा है। वहीं, विराट कोहली को भी टेस्ट टीम से ड्रॉप किया जा सकता है।

सबसे पहले बात कप्तान रोहित शर्मा की करते हैं, जो पिछले 9 मैचों की 17 पारियों में 164 रन बना पाए हैं। उन्होंने एक अर्धशतक इस दौरान जड़ा है। ये आंकड़े किसी भी बड़े बल्लेबाज को टीम से बाहर करने के लिए काफी हैं। अगर इन आंकड़ों वाला कोई बल्लेबाज कप्तान है तो उसकी कप्तानी देखी जाएगी, लेकिन कप्तानी के तौर पर भी रोहित शर्मा फेल रहे हैं। पिछले 6 में से 5 मैच वे हार गए हैं। एक मैच ड्रॉ रहा है।

ऐसे में कप्तानी के साथ-साथ उनको टीम से भी हटा जा सकता है। ऐसे में उनके पास विकल्प यही है कि वे टेस्ट क्रिकेट से भी रिटायरमेंट ले लें, क्योंकि वे अप्रैल 2025 में 38 साल के हो जाएंगे। फिटनेस भी उनकी इस समय उतनी अच्छी नहीं है। ऐसे में उनके लिए सिडनी में 3 से 7 जनवरी के बीच खेला जाने वाला बीजीटी का आखिरी टेस्ट उनके टेस्ट करियर का आखिरी मुकाबला हो सकता है।

वहीं, अगर बात विराट कोहली की करें तो फॉर्म उनकी भी खराब है। इस दौरे पर एक शतक को छोड़ दें तो बाकी पारियों में उन्होंने निराश ही किया है। पिछले 9 मैचों में 17 पारियों में 359 रन बनाए हैं। विराट के भले ही रोहित से रन ज्यादा हैं, लेकिन वे इस तरह की क्रिकेट खेलने के लिए नहीं जाने जाते। उनसे ज्यादा रनों की उम्मीद की जाती है। वे भी 36 साल के हैं, लेकिन उनकी फिटनेस अच्छी है। हालांकि, उनकी कमजोरी ऑफ साइड की गेंदों पर बल्ला चलाना है।

ऐसे में फॉर्म को देखते हुए उन पर टीम से बाहर होने का दबाव है। इनफॉर्म खिलाड़ी बाहर बैठे हैं। ऐसे में शायद सिडनी टेस्ट उनका आखिरी मुकाबला इस फॉर्मेट में हो सकता है। हालांकि, अभी कुछ आधिकारिक नहीं कहा जा सकता। पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री ने तो कहा है कि फिटनेस को देखते हुए वे 2-3 साल आराम से खेल सकते हैं। हालांकि, समस्या उनके साथ फॉर्म की है।

# ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंपायर बोले- जायसवाल को आउट देना सही

## स्निकोमीटर में आवाज न आने को भी समझाया, मेलबर्न टेस्ट में आउट देने पर हुआ था विवाद






**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व अंपायर साइमन टॉफेल ने मेलबर्न टेस्ट में यशस्वी जायसवाल को थर्ड अंपायर के आउट देने के फैसले को सही बताया है।

आईसीसी के एलीट पैनल के पूर्व अंपायर ने चैनल-7 से कहा- अंपायर ने सही फैसला लिया। 53 साल के अंपायर ने कहा- 'मेरे विचार में निर्णय आउट था। तीसरे अंपायर ने सही निर्णय लिया। तकनीक प्रोटोकॉल के साथ भी हम साक्ष्य देखते हैं और अगर अंपायर को लगता है कि बल्ले से लगकर गेंद की दिशा बदली है, तो इस तरह मामले को साबित करने के लिए तकनीक के किसी अन्य रूप का उपयोग करने की कोई आवश्यकता नहीं है। टॉफेल ने कहा, गेंद की दिशा में मामूली बदलाव भी निर्णायक साक्ष्य है। इस विशेष मामले में हमने तीसरे अंपायर से जो देखा है, वह यह है कि उन्होंने तकनीक का इस्तेमाल सहायक के रूप में किया। चाहे जो भी कारण हो इस मामले में ऑडियो (स्निको) में ऐसा नहीं दिखा।

**कौन हैं साइमन टॉफेल?** साइमन टॉफेल आईसीसी के पूर्व एलीट पैनल अंपायर है। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व अंपायर ने 87 टेस्ट, 221 वनडे और 42 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में अंपायरिंग की है। उनका जन्म 21 जनवरी 1971 को ऑस्ट्रेलिया के लियोनार्ड्स शहर में हुआ था।

एक दिन पहले हुआ था विवाद एक दिन पहले मंगलवार, 30 दिसंबर को मेलबर्न टेस्ट में यशस्वी जायसवाल के विकेट पर थर्ड अंपायर के फैसले पर विवाद हो गया था। दरअसल, मेलबर्न टेस्ट के आखिरी दिन ऑस्ट्रेलियन कप्तान कमिंस ने अपनी गेंद पर यशस्वी के खिलाफ कैच की अपील की। ग्राउंड अंपायर ने नॉट आउट दिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने डीआरएस लिया और थर्ड अंपायर ने यशस्वी को आउट करार दे दिया था।

डीआरएस में स्निको मीटर में दिखाया गया कि गेंद बल्ले से नहीं टकराई और कोई आवाज भी नहीं हुई। इसके बावजूद थर्ड अंपायर ने यशस्वी को विजुअल डिफ्लेक्शन के आधार पर आउट करार दिया। इस फैसले पर यशस्वी ने ग्राउंड अंपायर से सवाल भी किया, लेकिन फैसला नहीं बदला गया। थर्ड अंपायर ने यह फैसला ऐसे वक्त लिया, जब टीम इंडिया पर हार का खतरा मंडरा रहा था और यशस्वी 84 रन बनाकर एक ओर से छोर संभाले हुए थे। इस फैसले के बाद ग्राउंड में मौजूद इंडियन फैंस ने चीटर-चीटर के नारे लगाए।

# अफगानिस्तान ने सिर्फ 10 टेस्ट मैच खेलकर ही रचा इतिहास, तोड़ा पाकिस्तान का महारिकॉर्ड

**अफगानिस्तान।** अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज हो रही है, जिसका पहला टेस्ट मुकाबला ड्रॉ हो गया है। दोनों ही वर्ल्ड चैंपियनशिप 2023-25 के चक्र का हिस्सा नहीं हैं। इस मैच में अफगानिस्तान के लिए बल्लेबाजों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया और तीन खिलाड़ियों ने शतक लगाए, जिसमें से रहमत शाह और हशमतुल्लाह शाहिदी ने तो दोहरे शतक जड़े।

### अफगानिस्तानी टीम ने बनाए 699 रन

अफगानिस्तान ने मैच में एक ही पारी खेली और उसी में 699 रन बनाए। टीम के लिए रहमत शाह (234 रन), हशमतुल्लाह शाहिदी (246 रन) और अफसर जजई (113 रन) ने बेहतरीन पारियां खेली। इन प्लेयर्स की वजह से ही अफगानी टीम बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। अफगानिस्तान ने अभी तक सिर्फ 10 टेस्ट मैच ही खेले हैं और इतने कम मैच खेलकर भी टीम ने पहली बार 600 प्लस का स्कोर बनाया है।



### पाकिस्तानी टीम का तोड़ा रिकॉर्ड

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान का कीर्तिमान ध्वस्त कर दिया है। अफगानी टीम सबसे कम टेस्ट मैच खेलकर ही पहली बार 600 प्लस रन बनाने वाली टीम बन गई है। उनसे सिर्फ 10 टेस्ट ही खेले हैं। इससे पिछला रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था। पाकिस्तानी टीम ने 1958 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 विकेट पर 657 रन बनाए थे। जो टेस्ट क्रिकेट में पाकिस्तान का 19वां मैच था।


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
YASHODA Super Speciality Hospitals
डॉ. पी.एन. अरोड़ा
TIMES HEALTH SURVEY
All India Multispeciality Hospitals Ranking Survey 2024
VOTED
1 RANK IN GHAZIABAD AND NOIDA UP
3 RANK IN NORTH INDIA
12 RANK IN ALL INDIA
YASHODA
Super Speciality Hospitals
KAUSHAMBI


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुरेश कुमार कश्यप
पूर्व एम.एल.सी.


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव गर्ग
भाजपा नेता, गाजियाबाद

# नए साल की पूर्व संध्या पर कमिश्नरेट में चला सघन चेकिंग अभियान

## मॉलों, बाजारों और सड़कों पर उतारे पुलिस अधिकारी, दिखी सख्ती

### शाम चार बजे से रात दो बजे तक पुलिस ने चलाया चेकिंग प्रोग्राम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नए साल की पूर्व संध्या शुरू होते ही कमिश्नरेट पुलिस सड़कों पर उतर आई। जोन के डीसीपी से लेकर एसीपी और थाना प्रभारियों से लेकर चौकी प्रभारी ने अपने-अपने क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। तो वहीं दिल्ली और नोएडा के बॉर्डर से सटे थानाक्षेत्र में पुलिस ने बेरिकेडिंग लगाकर चेकिंग की। वहीं मॉल, बाजारों, रेलवे स्टेशन और मेट्रो स्टेशन के आसपास चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके साथ ही नए साल के जश्न में



लोग शराब पीकर वाहन न चलाएं, इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट यातायात भी एक्टिव मोड में रही। ब्रीथ एनेलाइजर के साथ पुलिसकर्मियों ने शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कसने का काम किया। तो वहीं हुड़दंग मचाने वालों के खिलाफ क्विक एक्शन टीम भी मौजूद रहीं। इसी प्रकार महिलाओं के साथ किसी प्रकार की छेड़खानी और छींटाकाशी ना हो इसको लेकर जगह-जगह महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन में देखने को मिली।

### आरडीसी से लेकर कौशांबी बॉर्डर तक चला चेकिंग अभियान





**करंट क्राइम :** नववर्ष की पूर्व रात्रि पर जहां गाजियाबाद में जगह-जगह जश्न और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के कार्यक्रम चल रहे थे, तो इस दौरान किसी प्रकार की कानून व्यवस्था भंग ना हो, इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट सिटी जोन के आरडीसी इलाके से लेकर कौशांबी बॉर्डर, लिंक रोड थानाक्षेत्र, इंदिरापुरम और मोहन नगर के साथ ही क्रॉसिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में पुलिस बल सड़कों पर उतरा और गश्त करने के साथ ही शांति एवं सुरक्षा का माहौल स्थापित किया गया।

### मॉल और क्लबों के बाहर मुस्तैद रही पुलिस



**करंट क्राइम :** न्यू ईयर सेलिब्रेशन मंगलवार की रात नौ बजे से ही शुरू हो गया था, जो रात तक अलग-अलग क्लबों और सोसाइटी में चला। इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती के साथ ही राजनगर, आरडीसी, ऑप्यूलैंड मॉल के साथ ही शहर के अन्य मॉलों के बाहर पुलिस की तैनाती और पीआरवी भी लगाई गई थी ताकि किसी प्रकार की कानून व्यवस्था ना बिगड़े।



### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर हुई कार्रवाई

**करंट क्राइम :** यातायात पुलिस और थाना पुलिस द्वारा अलग-अलग इलाकों में बैरिकेडिंग लगाकर ब्रीथ एनेलाइजर की मदद से ऐसे वाहन चालकों की भी जांच की गई जो शराब के नशे पर थे। इस दौरान पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन के अंतर्गत दर्जनों वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए चालान काटे गए हैं और कई लोगों को चेतावनी देकर भी छोड़ गया।



# खुद को बताता था मिनिस्टर और कार में लगा रखी थी यूएलसीटी नंबर प्लेट

## कवि नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार और जारी है पूछताछ

### मिनिस्टर इमोवैन पर पुलिस ने की कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध नंबर प्लेट वाली गाड़ी को रोका और उससे पूछताछ की तो उसने खुद को मिनिस्टर इमोवैन बताया और चौकी प्रभारी को नियम कायदे कानून बताने लगे। वहीं चौकी प्रभारी ने जब कहा कि यह नियमों के विरुद्ध है, तो गिरफ्तार किए गए। आरोपी प्रशांत झा निवासी गोविंदपुरम ने कहा कि हम यूनिवर्सल कानून चलाते हैं। साथ ही यूनिवर्सल लॉ कम्युनिटी ट्रस्ट नाम की संस्था का प्रमुख भी खुद को बताया। इसके बाद इस मामले में पुलिस ने जब जांच पड़ताल की तो गाड़ी का सही नंबर प्राप्त हुआ, वह दिल्ली नंबर का था। पुलिस ने इस मामले में गहनता से जांच करते हुए सरकारी काम में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी प्रशांत झा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।




### पुलिस ने चेकिंग में रोका तो दरोगा को धमकाया

**करंट क्राइम :** एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि इस मामले में चौकी प्रभारी आरडीसी द्वारा चेकिंग के दौरान जब प्रशांत झा को रोका गया तो उन्होंने अपने आप को मिनिस्टर इनोवैन बताया। साथ ही कहा कि वह एक बड़ी संस्था चलाते है। नियम कायदे कानून उन्हीं लोगों से पूछकर बनते हैं। पुलिसकर्मी ने जब उनसे कार के कागज मांगे तो प्रशांत गुस्से में आ गए और सरकारी काम में बाधा डालने लगे। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया। पुलिस ने गाड़ी की जांच की तो उसका मूल नंबर दूसरा पाया गया जबकि यह कार में यूएलसीटी 1529 नंबर लिखकर घूमते थे और अपने आप को मिनिस्टर बताते थे। फिलहाल एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव कहना है कि पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी प्रशांत झा को गिरफ्तार कर इस पूरे मामले की गहनता से जांच शुरू कर दी है।

## स्कूलों, हॉस्टलों के नजदीक मादक बेचने वालों पर की कार्रवाई

# दिनेश कुमार गोयल एम.एल.सी. ने विधानसभा में उठाया था यह मुद्दा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विगत 17 दिसम्बर 2024 को विधानसभा सत्र के दौरान दिनेश कुमार गोयल सदस्य विधान परिषद एवं विजय बहादुर पाठक सदस्य विधान परिषद द्वारा स्कूलों, हॉस्टलों, विद्यालयों के करीब पान, बीडी, सिगरेट आदि मादक पदार्थों के सम्बन्ध में कार्रवाई किये जाने का मुददा प्रमुखता के साथ उठाया गया था। जिस पर शासन के निर्देशानुसार मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने एनकॉर्ड की राज्य स्तरीय समिति की बैठक में निर्देश दिये हें कि स्कूलों, हॉस्टलों के नजदीक मादक पदार्थों के हॉटस्पाटों को चिन्हित कर अभियान चलाकर मादक पदार्थों का सेवन व क्रय-विक्रय करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लायी जायेगी। मुख्य सचिव ने कहा कि इस अभियान के बाद यह सुनिश्चित किया जाए कि कार्रवाई के उपरान्त दूसरे स्थान पर हॉटस्पॉट न बनने पाए इसके लिए सम्बन्धित विभागों की ओर से नशा मुक्ति जागरूकता अभियान नियमित रूप से चले, ताकि समाज में नशे के विरुद्ध आमजन जागरूक रहें। बैठक में बताया गया कि पूर्व में 212 हॉटस्पॉट चिन्हित किये गये, कार्रवाई के उपरान्त हॉटस्पॉट की संख्या घटकर 44 हो गयी है।

# हम युवा प्रतिभाओं को कब मौका देंगे? : सिकंदर यादव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पहला टेस्ट शानदार तरीके से जीतने के बाद, भारतीय टीम संघर्ष कर रही है, पिछले मैच में जैसे-तैसे फॉलोऑन बचाने के बाद, बारिश की वजह से मैच ड्रॉ हो गया। चौथे टेस्ट के तीसरे दिन आज तक भी बल्लेबाज उसी तरह की गैर जिम्मेदारी बल्लेबाजी कर रहे हैं।

रोहित शर्मा, विराट कोहली समेत ज्यादातर बल्लेबाज साधारण तरीके से आउट हो रहे हैं। गेंदबाजी का सारा भार जसप्रीत बुमराह के कंधे पर रहा है। सिराज या अन्य गेंदबाज उस प्रकार की गेंदबाजी नहीं कर रहे जो इस सीरीज को जीतने के लिए जरूरी है। किसी भी फैंस के लिए ये निराशाजनक होगा कि उसकी टीम न गेंदबाजी में ऑस्ट्रेलिया को कम स्कोर पर आउट कर रही है न अच्छे स्कोर कर पा रही है। ये समझ से बाहर है कि भारत के पास आईपीएल के लिए तो तमाम तेज गेंदबाज अर्शदीप, मयंक, आवेश खान आदि हैं पर हमने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए इसमें से किसी को नहीं चुना, जबकि हार्दिक पांड्या के रूप में हमारे पास बेस्ट ऑलराउंडर है। समझ नहीं आ रहा आखिर भारतीय चयनकर्ता किस आधार पर टीम का चयन कर रहे हैं।

पहले मैच को छोड़कर विराट हर बार एक ही गलती कर रहे हैं। ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर अपना विकेट दे रहे हैं। रोहित शर्मा को ये समझ नहीं आ रहा कि वह कौन से क्रम पर खेलें। पंत का रवैया भी इसी प्रकार का रहा। हम अपनी युवा प्रतिभाओं को कब मौका देंगे? युवाओं की बात करें तो यशस्वी और रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

पहला टेस्ट जीतने के बाद भारतीय टीम पर यह श्रृंखला जीतने का शानदार मौका था परंतु टीम उसे गंवाती लग रही है। बीसीसीआई को कोच गंभीर के बारे में भी सोचना पड़ेगा। पूर्व में भारतीय टीम को शर्मनाक हार न्यूजीलैंड से अपने घर में भी झेलना पड़ी।

साथ ही हमें रोहित शर्मा का विकल्प भी ढूंढना पड़ेगा, युवा प्रतिभाओं को ज्यादा मौके देकर, भविष्य की टीम तैयार करने का।

## शुभकामनाएं



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने नववर्ष की पूर्व संध्या पर जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह से मुलाकात कर उन्हें नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी।

# संभव में प्राप्त हुए 13 संदर्भ, नगर आयुक्त ने निगम अधिकारियों सहित की जनसुनवाई

## नॉर्थ सी ब्लॉक आरडब्ल्यूए गोविंदपुरम ने सड़क निर्माण पर जताया निगम का धन्यवाद

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम मुख्यालय पर संभव जनसुनवाई का आयोजन हुआ। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा सभी विभागीय अधिकारियों के साथ मिलकर जनसुनवाई की गई। मौके पर 13 संदर्भ प्राप्त हुए। अविलंब कार्यवाही के निर्देश नगर आयुक्त द्वारा टीम को दिए गए। अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव को समस्त कार्य नियमानुसार पूर्ण करने के लिए कहा गया। संभव के दौरान अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, संयुक्त नगर आयुक्त ओमप्रकाश, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉक्टर संजीव, प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज व अन्य संबंधित टीम



उपस्थित रही। गाजियाबाद नगर आयुक्त द्वारा प्रतिदिन जन समस्याओं के समाधान पर विशेष ध्यान देते हुए कार्रवाई कराई जा रही है। संभव में प्राप्त संदर्भ पर विशेष ध्यान अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा है। गोविंदपुरम आरडब्ल्यूए पदाधिकारी गाजियाबाद नगर निगम का सी ब्लॉक गोविंदपुरम की रोड बनाए जाने पर धन्यवाद भी किया गया। क्षेत्र के अन्य कार्य भी इसी क्रम में समय से पूर्ण हो जाएं। उपस्थित अधिकारियों से चर्चा की गई। संभव में निर्माण संबंधित दो, स्वास्थ्य संबंधित दो, उद्यान संबंधित दो, टैक्स संबंधित दो, संपत्ति विभाग संबंधित दो, अतिक्रमण संबंधित दो तथा जलकल विभाग संबंधित एक संदर्भ प्राप्त हुआ।




## नए कीर्तिमान लिखेगा कमिश्नरेट

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद तीसरे नव वर्ष में प्रवेश कर रहा है। बीते दो सालों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में जहां पुलिस बल बढा है। तो वहीं थानों की संख्या में इजाफा हुआ है। लगातार यहां अधिकारियों की संख्या बढ़ रही है। तो आईपीएस अधिकारियों का भी बल अधिक हो रहा है। आज 2025 में नए वर्ष का प्रवेश हो रहा है और कहा जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम इस वर्ष नए कीर्तिमान लिखेगा। बीते दो सालों के दौरान जहां साइबर थाने की शुरूआत प्रमुख है। तो वही यातायातकर्मियों की संख्या में इजाफा और प्रत्येक थाने में साइबर सेल का गठन के साथ ही कमिश्नरेट सिस्टम में महिला पिंक बूथ से लेकर तमाम तरीके के बड़े और प्रमुख अपराधों के खुलासे प्रदेश ही नहीं देश की सुर्खियां बने हैं। अति संवेदनशील मामलों में पुलिस की गंभीरता और संवेदनशीलता ने कई बड़े कांड होने से बचाए गए हैं। इसके साथ ही यहां नए पुलिस कमिश्नरेट मुख्यालय से लेकर लगातार अधिकारियों के कार्यालय, आवास और लाइन का बेहतरीनकरण किया जा रहा है। तो वहीं अपराधियों पर नकेल कसने के लिए गैंगस्टर और कुख्यात बदमाशों पर भी




कार्रवाई हुई है। फुल एनकाउंटर से लेकर हाफ एनकाउंटर और इनामी बदमाशों से लेकर कुख्यात बदमाशों पर पुलिस की गोली बीते दो सालों में जमकर चली है। तो वहीं नए साल पर भी पुलिस के इसी जोश और वर्किंग स्टाइल के संकेत मिल रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि प्रधानमंत्री वाला कार्यक्रम जनवरी के पहले सप्ताह में होगा और उसके बाद फिर सर्किल वाले अधिकारियों के फेरबदल का मामला शुरू होगा। इसके साथ ही कुछ बदलाव थाने और चौकी स्तर पर भी देखने को मिलेंगे। वहीं सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों लाइन और ऑफिस के कुछ टू-स्टारों के नाम नोट हुए हैं। उनको कहीं बदलाव वाली लाइन में लाया जाएगा। तो कुछ को बेहतर जगह प्लेसिंग दी जाएगी। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए वर्ष 2025 कीर्तिमान वाला वर्ष रह सकता है। यहां नए बड़े फैसले और करवाई प्रदेश के लिए नजीर बन सकती हैं। साथ ही अधिकारियों का वर्किंग स्टाइल और बेहतर होने के संकेत मिल रहे हैं। देखना होगा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के लिए वर्ष 2025 कितना सफलताओं भरा रहता है। कौन से डीसीपी और एसीपी टीआरपी की लिस्ट में छाए रहेंगे, तो वर्किंग के लिहाज से कौन सा थानाक्षेत्र अव्वल बनेगा, यह है साल 2025 तय करेगा।

## पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने बच्चों को किया सम्मानित

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने रविवार को कौशांबी स्थित एक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों को सम्मानित किया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। देश भक्ति, रामायण, भांगड़ा, मराठी कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर निशा गर्ग, तृप्ति त्रिवेदी, सुचिता उपाध्याय, सोनिया खन्ना, रिचा शर्मा, आरती आदि का कार्यक्रम में योगदान रहा। मनोज गोयल ने कहा कि बच्चों जल ही जीवन है, पानी का दुरुपयोग न होने दें। दूसरा मोबाइल का उपयोग कम से कम करें, समय का ध्यान रखें, यह स्कूल नारी शक्ति का प्रतीक है। इस स्कूल में बच्चों को शिक्षिकाएं ही पढ़ाती हैं। बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए उनको सम्मानित भी किया गया।



## जिन्होंने मुझे मुस्कुराने की वजह दी : अशोक अग्रवाल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ अशोक अग्रवाल ने देशवासियों को नए वर्ष की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पूर्व वर्ष में जो कुछ भी हुआ अच्छा या बुरा उसके लिए सभी से प्रार्थना की है कि जो हुआ, गुजर गया। आने वाला वर्ष सभी को मंगलमय हो।


अशोक अग्रवाल ने आगे कहा कि हम साल 2024 के अन्तिम दिन में हैं। मैंने महसूस किया कि मुझे उन सभी लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहिए, जिन्होंने इस साल मुझे मुस्कुराने की वजह दी। मैंने पूरे साल हर किसी का दिल से सम्मान किया और मुझे भी मेरे अपनों ने बहुत सारा प्यार दिया। मैं उनके साथ अपने मधुर रिश्तों को दिल से नमन करता हूं। उसके बावजूद भी भूलवश या किसी विशेष परिस्थिति में यदि मेरे मन, कर्म, वाणी या व्यवहार से किसी के दिल को ठेस पहुंची हो तो मैं हृदय से माफी मांगता हूं।

# सारस्वत ब्राह्मण समाज के वार्षिकोत्सव की वैद्यता को लेकर उठ गया सवाल

## डिप्टी रजिस्ट्रार ने मांग लिया है 15 दिन के अंदर कमेटी से जवाब

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सारस्वत ब्राह्मण समाज कल्याण समिति शंकरपुरी विजयनगर का वार्षिकोत्सव 5 जनवरी को होना है। इसके निमंत्रण पत्र भी समिति के पदाधिकारियों द्वारा बांटे जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओमप्रकाश सारस्वत हैं और विशेष अतिथि के रूप में शहर विधायक संजीव शर्मा को आमंत्रित किया गया है। विशिष्ठ अतिथियों में अनिल कुमार सारस्वत, विनोद चूड़ामणि, विजय सारस्वत, बीके शर्मा हनुमान, जयनंद शर्मा, पूर्व पार्षद, हरि नारायण सारस्वत, वीके शर्मा रिटायर्ड कर्नल बृजमोहन सारस्वत और श्रीमती पुष्पा कॉल के नाम हैं। समिति के अध्यक्ष के रूप में महेश चंद शर्मा और महासचिव के रूप में पवन सारस्वत का नाम दिया गया है। लेकिन कार्यक्रम के आयोजन से पहले ही इस पर संशय के बादल मंडराने लगे हैं। बड़ी बात ये है कि डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा समिति के गठन की वैद्यता को लेकर सवाल उठा दिया गया है और 5 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम से पहले ही डिप्टी रजिस्ट्रार ने पत्र लिखकर अध्यक्ष महेश चन्द सारस्वत और पवन सारस्वत से जवाब मांगे हैं।

डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा दिये गये नोटिस में ये कहा गया है कि शिव कुमार शर्मा तथा 20 अन्य लोगों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर कर एक शिकायती पत्र 28 अक्टूबर को डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय में प्राप्त हुआ। ये शिकायती पत्र समिति के चुनाव को लेकर है।


कार्यालय
डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स,
प्लाट खसरा नं0 –119, गुलधर, राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद।

1– श्री महेश चन्द सारस्वत पुत्र श्री शंकर लाल सारस्वत, 70 पंचवटी कालोनी, गाजियाबाद।
2– श्री पवन सारस्वत, डी–02, सैक्टर–12, प्रताप विहार, गाजियाबाद।

विषय– सारस्वत ब्राह्मण समाज कल्याण समिति, म0नं0–6, गली नं0–01, शंकरपुरी, विजयनगर, गाजियाबाद के सम्बन्ध में।

[illegible]

डिप्टी रजिस्ट्रार

इसमें कहा गया है कि 23 जुलाई 2023 में समिति का चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुआ। लेकिन आपसी मतभेद और लड़ाई झगड़े की वजह से कार्यकारिणी के 21पदाधिकारियों में से 15 पदाधिकारियों जिसमें अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष भी शामिल हैं, सभी ने त्यागी पत्र देकर 9 अप्रैल 2024 को ये अवगत कराया था कि प्रकरण गंभीर है और सक्षम अधिकारी नियुक्त कर निष्पक्ष रूप से चुनाव कराया जाये। इस पत्र में ये कहा गया है कि सितम्बर 2024 में बिना आमसभा आयोजित किये अवैध रूप से कार्यकारिणी के रिक्त पदों को अपने आप ही भरकर 21 पदाधिकारी चुन कर संस्था के बैंक में जमा रूपयों को निकाल कर अन्य गतिविधियों में खर्च करना चाहते हैं। अब डिप्टी रजिस्ट्रार ने महेश चंद सारस्वत और पवन सारस्वत को नोटिस देकर ये पूछ लिया है कि इस पूरे मामले की जांच की जा रही है और आपको भी अवगत कराया जा रहा है। डिप्टी रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा यह स्पष्टीकरण मांगा गया है कि जब कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने त्यागी पत्र दे दिया तो फिर आप यह स्पष्ट करें कि आपके द्वारा रिक्त पदों को भरने हेतु की गई समस्त आवश्यक कार्यवाही पंजीकृत बॉयलाज के नियमों के अंतर्गत की गई है। डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा शिकायती पत्र में उल्लेखित बिन्दुओं पर बिन्दुवार आख्या साक्ष्यों और प्रमाणों सहित 15 दिन के अंदर मांगी गई है।

यह भी कहा गया है कि यह भी अवगत कराया जाये कि संस्था के पंजीकृत विधान के अनुसार संस्था का चुनाव कब होना था और उसे वास्तव में कब कराया गया तथा अगला निर्वाचन कब देय है। बहरहाल अब बताया ये जाता है कि एक तरफ 5 जनवरी को संस्था ने वार्षिकोत्सव की तिथि कर दी है और दूसरी तरफ डिप्टी रजिस्ट्रार ने जवाब मांग लिया है। ऐसे में अब 5 जनवरी को होने वाले कार्यक्रम की वैद्यता पर सवाल उठ रहे हैं। इस मामले में अब आयोजकों को डिप्टी रजिस्ट्रार को जवाब देना है और उसी के बाद डिप्टी रजिस्ट्रार के द्वारा मामले में आदेश पारित किये जायेंगे।

# पार्षद मदन राय ने किया विकास कार्य का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने एसपीएस सेकंड सोसायटी की नाली व सड़क का उद्घाटन किया। इस मौके पर पार्षद मदन राय ने सेक्टरवासियों से कहा कि वे आपके वार्ड 86 की जो भी जनसमस्याएं हैं, उस का निस्तारण करने का हर सम्भव प्रयास कर रहे हैं। जर्जर सड़कों का जीर्णोद्धार होगा, ताकि लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि समय-समय पर सीवरों की साफ-सफाई भी कराई जाती है। पानी की लाइन भी वार्ड में डाली गई है।





पार्षद मदन राय ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए दिन रात प्रयास कर रहा हूं। हर एक वादा पूरा करने का प्रयास कर रहा हूं। बस थोड़ा धैर्य बना के रखें। जल्द ही वार्ड 86 गड्ढा मुक्त होगा। इस मौके पर क्षेत्र के लोगों ने पार्षद का माला पहना कर आभार व्यक्त किया।

## उड़ान फाउंडेशन ने स्कूली बच्चों को बांटे पौष्टिक आहार

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन ने मंगलवार को स्कूली बच्चों को जूस, हेयर ऑयल आदि सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर सैकड़ों बच्चों व स्टाफ ने लाभ उठाया। लक्ष्य एक उड़ान फाउंडेशन की अध्यक्ष सुषमा गंगवार ने कहा कि संस्था पिछले 4 सालों से हमेशा जरूरतमंद लोगों के बीच में जाकर कार्य करती है और उन्हें सुविधाएं प्रदान करती है।




सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
डी.डी. यादव
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजयुमो, गाजियाबाद



सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रदीप चौहान वाल्मीकि
क्षेत्रीय महामंत्री भाजपा पश्चिम क्षेत्र


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
बॉबी त्यागी
भाजपा महानगर उपाध्यक्ष (गाजियाबाद)


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनुज मित्तल
महानगर संयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ गाजियाबाद, भाजपा



सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रीति चंद्रा राय
(पू.) क्षेत्रीय मंत्री भाजपा महिला मोर्चा विधानसभा संयोजिका, चुनाव प्रचार प्रसार विभाग बीजेपी, गाजियाबाद महानगर विधानसभा प्रमुख, चुनाव संचालन समिति।
आरडब्ल्यूए, अध्यक्ष क्रॉसिंग रिपब्लिक


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
रनिता सिंह
महानगर उपाध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल अग्रवाल 'सांवरिया'
महानगर सहसंयोजक, व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा, गाजियाबाद
मेरठ मंडल अध्यक्ष, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
राजू पांचाल
(विश्वकर्मा)
क्षेत्रीय संयोजक भाजपा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश (लघु उद्योग प्रकोष्ठ)
प्रदेश अध्यक्ष अखिल भारतीय विश्वकर्मा विराट संघ, उत्तर प्रदेश
कार्यालय: हरमन सिटी बागपत रोड़, मेरठ
कैम्प कार्यालय: 138, आनंद इंडस्ट्रियल स्टेट, मोहन नगर, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सिकंदर यादव
सपा नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी, गाजियाबाद
युवा विकास प्रयास समिति (युविप)


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्यामवीर चौधरी
सदस्य प्रदेश कार्यसमिति ओबीसी मोर्चा भाजपा एवं पूर्व मेयर प्रत्याशी, गा.बाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सरदार सिंह भाटी
पूर्व निगम पार्षद, गाजियाबाद
रवि भाटी
भाजपा नगर निगम पार्षद, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
मनजीत सिंह
पूर्व महानगर अध्यक्ष, भाजपा किसान मोर्चा


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति की
हार्दिक शुभकामनाएं
पूर्व पार्षद
आशा भाटी
वार्ड 74
नरेश भाटी
भाजपा नगर निगम पार्षद, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
SP
Samajwadi Party
पं. अमरपाल शर्मा
पूर्व विधायक साहिबाबाद
श्रीमती मोहिनी शर्मा
धर्मपत्नी पं. अमरपाल शर्मा
चेयरमैन, नगर पालिका परिषद्


सुधीर त्यागी (मण्डल अध्यक्ष)
पवन मावी
सुनील शर्मा (केबिनेट मंत्री)
सभी क्षेत्रवासियों को
संजीव शर्मा
मा. विधायक, गाजियाबाद शहर
एवं महानगर अध्यक्ष, गाजियाबाद
नववर्ष
2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
भूपेन्द्र उपाध्याय
पार्षद वार्ड 41, झण्डापुर, महाराजपुर


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष
2025
एवं
मकर संक्रान्ति की
हार्दिक शुभकामनाएं
आशीष चौधरी
महानगर उपाध्यक्ष, युवा मोर्चा भाजपा गाजियाबाद
शिल्पा चौधरी
निगम पार्षद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
देवदत्त त्यागी
जिलाध्यक्ष चुनाव प्रचार समिति, कांग्रेस पार्टी गाजियाबाद
विश्वदीप त्यागी
ब्लॉक उपाध्यक्ष, मुरादनगर


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
रूबि अग्रवाल
महानगर संयोजिका, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, भाजपा, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हिमांशु चौधरी
निगम पार्षद भाजपा, साहिबाबाद



सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
SP Samajwadi Party
मौहम्मद कल्लन
महानगर उपाध्यक्ष, सपा एवं पूर्व पार्षद
खुर्शीदा बेगम
निगम पार्षद, सपा



Wish You a Very
HAPPY NEW YEW YEAR 2025
LUXURINO
POCKET SPRING MATTRESS WITH MEMORY FOAM PILLOW TOP
Kurl-on
India's Largest Selling Mattress
Since 1962
Luxurious pocket spring mattress with visco – elastic memory foam
Equipped with MSI Technology for zero partner disturbance
Memory foam pillow top is sensitive & has an incredible ability to adjust automatically to the weight & temperature of the body for deep sleep without deep pockets
The pocket springs are covered with thermo bond felt which prevents rupturing of layers of the mattress
Polyester knitted promos with jacquard tapestry for, superior breathability & smooth feel
KURLOPEDIC TECHNOLOGY
MOTION SEPARATION INDEX
ULTRA FRESH
ANTI BED BUG
ANTI DUST MITE
ANTI MICROBIAL
SIDE SUPPORT
LIFE TIME WARRANTY
* Conditions Apply
KURLON MATTRESS XPRESS : 139, NAVYUG MARKET, OPP. VALMIKI PARK, GHAZIABAD. PH : 9312625041
TOLL FREE: 1800-425-0404 I customercare@kurlon.com I www.kurlon.com
NAVNEET ENTERPRISES


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सुधीर त्यागी
मंडल अध्यक्ष भाजपा
विनय चौधरी
निगम पार्षद भाजपा


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अंशु वर्मा
पूर्व महापौर एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
SP
Samajwadi Party
अभिषेक गर्ग
वरिष्ठ नेता, समाजवादी पार्टी गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
गोपाल अग्रवाल
महानगर महामंत्री, भाजपा, गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश साधना
वरिष्ठ भाजपा नेता, गाजियाबाद एवं सदस्य पंजाबी अकादमी, उत्तर प्रदेश सरकार


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं मकर संक्रान्ति की
हार्दिक शुभकामनाएं
नन्द किशोर गुर्जर
विधायक (लोनी)
गाजियाबाद, भारतीय जनता पार्टी


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं मकर संक्रान्ति की
हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र कश्यप
राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं
दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, भाजपा उत्तर प्रदेश


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
आचार्य मनीष पंडित
प्रबंधक हिन्डन मोक्ष धाम एवं अध्यक्ष श्री धार्मिक राम चन्द्र सीता देवी हरनन्दी सेवा संस्थान


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अनमोल खन्ना
मंडल संयोजक, आर्थिक प्रकोष्ठ, भाजपा


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
सरदार एसपी सिंह
पूर्व सदस्य उ.प्र. अल्पसंख्यक आयोग


33 वर्षों से आपकी सेवा में (स्थापित 1990)
N.C.R. का सबसे पहला 100%
हॉलमार्क एवं ब्रान्डेड ज्वैलरी शोरूम
Govt. Approved Valuer
9999718999, 9990718999, 7303603053
SHARDA Jewellers & Gems
18, 1st Floor, World Square Mall, Mohan Nagar
IGI
DIAMOND
JEWELLERY
HAPPY
NEW YEW YEAR
2025
E-mail : jewellersgems.sharda@gmail.com Website : www.shardajewellers.com
SHARDA Jewellers & Gems reserves the right to withdraw and cancel all schemes and discount without any further notice. Schemes and coupons cannot be clubbed, only one can be excercised at a time.


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति की
हार्दिक शुभकामनाएं
पूर्व पार्षद
जाकिर अली सैफी
रुकसाना सैफी,
पार्षद नगर निगम


सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी
सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025
एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री ओम प्रकाश राजभर जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी
अशोक अग्रवाल
राष्ट्रीय अध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ
सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी


आप सभी को
नववर्ष 2025
मकर संक्रान्ति एवं
गणतंत्र दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
रामनरेश रावत
पूर्व विधायक गढ़मुक्तेश्वर
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025 एवं मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
अजय गुप्ता
राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल एवं सदस्य सिविल डिफेंस हिंडन एयरपोर्ट व समाजसेवी गाजियाबाद


सभी क्षेत्रवासियों को
नववर्ष 2025 एवं
मकर संक्रान्ति
की
हार्दिक शुभकामनाएं
पं. सुरेन्द्र कुमार मुन्नी
पूर्व विधायक (गाजियाबाद)
शहीद प्यारे लाल शर्मा
भूतपूर्व विधायक
दीपक त्यागी
आदेश शर्मा
प्रशान्त कौशिक (बन्टी)

# RKG GLOBAL SCHOOL

*(A Prestigious Knowledge Resource Center)*

Managed By: Rajkumar Goel Group of Institutions




## ADMISSION OPEN

**For Session 2025-26 Nursery to Class VIII**

सभी क्षेत्रवासियों को नववर्ष 2025 एवं मकर संक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनाएं

### PRE PRIMARY WING

- Specially designed Pre-Primary Wing
- Parental care affection for Kids.
- Safe and cozy furniture.
- Specially designed activity room to help the holistic growth of a child.
- Special attention giving to the health and hygiene.
- Play way teaching method.

### EXCELLENT INFRASTRUCTURE

- Huge and well planned school building with healthy and hygienic surrounding.
- Big spacious and well ventilated classroom.
- Safe and healthy R.O. drinking water.
- Entire Campus under C.C.T.V. surveillance.
- A.C. Transport with all advance devices

### EXCELLENT SPORTS FACILITIES

- Well maintained ground for football and cricket. Courts for Volleyball, basketball, kabaddi and Kho-kho and self defense classes.
- All Indoor games
- Extra coaching for the budding sports person.
- Shooting Range

- The guidance of global & renowned management.
- Widely experienced & highly qualified, techno savvy staff.
- Powered by - Bansal Classes Kota
- State of Art Infrastructure
- We humbly accept to be the trend setter in the field



### LEARNING FACILITIES

- Latest and best infrastructure for learning.
- Ideal teacher student's ratio for personalized attention.
- Extra guidance for all the competitive exams.
- Personal contact classes after the regular classes are off.
- Fully functional language lab to improve proficiency in English.
- Well equipped Science, Computer Labs & Language Lab.
- Well maintained library as a Knowledge resource Center. with E-Library
- Best in field ERP system with all modules.
- Wide scope and opportunities to grow in music, dance & other Art activities.
- Interactive smart board classrooms.
- Cultural and moral values imbibed in the curriculum.
- Excellent facility and extra encouragement in games and sports .
- School emphasizes on 3.0 pattern.
- Transport facility available for Ghaziabad, Muradnagar, Modinagar and all nearby places.

Contact : 5, Km. Mile Stone, Delhi-Meerut Road, (near RKGIT) Ghaziabad - 201003

Mob. : 9829227051, Web. : www. rkggs.com, Email : rkggs2022@gmail.com

# दैनिक करंट क्राइम के नोएडा स्थित डिजिटल कार्यालय पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पहुंचे





गाजियाबाद(करंट क्राइम)। दैनिक करंट क्राइम के नोएडा स्थित डिजिटल कार्यालय पर मंगलवार को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग पहुंचे। इस अवसर पर करंट क्राइम के संपादक मनोज गुप्ता, समाचार संपादक दीपक भाटी, डिजिटल हेड दीपक जोशी तथा एबीपीएल के निदेशक देवेन्द्र गंगल ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का स्वागत किया और उन्हें नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद अतुल गर्ग ने करंट क्राइम डिजिटल टीम के सदस्यों से भी मुलाकात की।




क्यों कहा कहने वाले ने कि ना जाने ये मंडल वाली अध्यक्षी के अरमान क्या-क्या गुल खिलायेंगे? हमें क्या पता था वो खुद को जवान दिखाने के लिए अपनी मूंछे मुंडवायेंगे? सुना है कुछ ऐसी ही घटना घटी है नदिया पार? यहां पर क्लीन शेव हो गया है एक दावेदार? उम्र को कर दिया है उन्होंने दूर? देखना अब ये है कि क्या असर होगा इसका हुजुर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ में मंडल अध्यक्ष आज रिलैक्स होकर करें नववर्ष सेलीब्रेट? मगर उन्हें जरूर टेंशन देगी 2 जनवरी की डेट? सुना है गाजियाबाद की मंडल वाली सीटों पर होनी है इस तारीख पर लखनऊ में चर्चा? इस तारीख में फाईनल हो जायेंगे सभी अध्यक्षों के नाम? जिसे मनाना है मना लें आज खुलकर जश्न? फिर 2 तारीख को तो किसी को खुशी तो किसी को गम मिलेगा श्रीमान?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के सौंफ वाले शर्मा जी को अभी भी है इस बात का एहसास? मंडल वाले मैटर में पार्टी वरिष्ठता वाला भी लगायेगी हिसाब? सुना है उनको मिला है कहीं से संकेत? ऐज फैक्टर पर पार्टी रिलेक्सेशन का बना रही है विचार? उनके चेहरे की मुस्कुराहट इसलिए आजकल दिखाई दे रही है यार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि आजकल हैवीवेट वालों ने अपनी सक्रियता के सारे गेट दिये हैं खोल? वो पूरी शिद्दत से निभा रहे हैं अपना रोल? पार्षदों के साथ बैठक करने के बाद उन्होंने अब तैयार कर लिया है पूर्वांचल समाज के लोगों को लिट्टी चोखा वाली पार्टी देने का प्रोग्राम? मेन्यू और वेन्यू डिसाइड हो चुका है? बस अब डेट की घोषणा होना ही बाकी रह गया है श्रीमान?

क्यों कहा कहने वाले ने कि अभी भी भगवा पहलवान के दोस्त कर रहे हैं उन पर विश्वास? ये वो दोस्त हैं जो भगवागढ़ के हिसाब से हो चुके हैं उम्रदराज? इन नदिया पार के दोनों दोस्तों को है पूरी उम्मीद? पहलवान पूरी ताकत से कटवायेंगे इनकी मंडल वाली रसीद? कहने वाले ने कहा पहलवान का जुनून भी नहीं है किसी से कम? करते हैं वो हमेशा अपनों का भला? चाहे कितने ही सहने पड़े सितम?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर एवं विधायक संजीव शर्मा तैयार करने जा रहे हैं नया इतिहास? पता चला है वर्ल्ड रिकार्ड की टीम उनका डाटा तैयार कर रही है साहब? चुनाव जीतने के बाद से लेकर अब तक उनके स्वागत वाले कार्यक्रमों का हो रहा है पूरा डाटा तैयार? सुना है आज तक जितने उनके स्वागत हुए हैं, उतने स्वागत किसी जनप्रतिनिधि के नहीं हुए यार? कहने वाले ने कहा जब भी किसी घर पर सुनाई देता है बैंड बाजे का शोर? ऐसा लगता है यहां पर भगवा कमांडर का स्वागत हो रहा होगा 100% श्योर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली साहब के दिल के करीब रहने वाले नदिया पार के ठाकुर ने दी है गर्ग साहब के यहां पर अध्यक्ष बनने के लिए दस्तक? उन्होंने कहा है पार्टी में किया है मैंने बहुत काम? आप मेरा समर्थन करके ऊंचा करो मेरे समाज का मस्तक? सुना है गर्ग साहब ने कर दिया है ठाकुर चेहरे को आश्वस्त? कहा है हम ठाकुर कोटे में आपके नाम की चर्चा करेंगे, अब हो जाओ आप मस्त? सुना है जिस ठाकुर चेहरे को दिया है गर्ग साहब ने आशीर्वाद? उसकी पटरी भगवा कमांडर से नहीं खाती है साहब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम के सभागार में सोमवार को हुई मीटिंग के बाद कट गया है एक उपाध्यक्ष वाले दावेदार का पत्ता? सुना है मीटिंग में जो सीनियर पार्षद नजर नहीं आया है? आने वाले चुनाव में कायम रहनी है उसकी सत्ता? सुना है मीटिंग में शामिल दावेदार की वजह से ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि को हुआ है कष्ट? मीटिंग में शामिल होकर इस दावेदार ने दिया है विरोधी होने का संदेश स्पष्ट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि आने वाले साल में बनने जा रहे हैं गजब के हालात? कैला भट्टा का एक बडा मुस्लिम नेता जल्द कहने वाला है भाजपा जिंदाबाद? सुना है इस चेहरे ने बना लिया है पूर्ण रूप से भगवा होने का विचार? इस चेहरे ने भगवा कमांडर को भी चुनाव में वोट दिया था? कमांडर के व्यवहार की वजह से ही भाजपा पर ये अपना दिल गया है हार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नए साल पर नए तरीके से नजर आयेगा गाजियाबाद में राजनीति का सीन? अब नार्मली नहीं जनरली मजबूती से गाजियाबाद में मजबूत करेंगी भगवा दीदी राजनीति की जमीन? पूरी शिद्दत से दिखाई देगा उनकी सक्रियता का सीन? एक तरफा किसी को भी नहीं बजाने दी जायेगी बीन? मजबूती से तैयार करेंगी दीदी यहां से अपनी राजनीति का बेस? नव वर्ष की सुबह पर हमारा है विरोधी खेमे को यही शुभ संदेश?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## दुकानदार से सैंपल के नाम 50 हजार मांगने का आरोप, पीड़ित ने किया सुसाइड का प्रयास

**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ के कोतवाली देहात क्षेत्र में मोहल्ला भगवानपुरी में एक परचून दुकानदार से सैंपल के नाम पर 50 हजार रुपए रिश्वत का आरोप लगाया है। पीड़ित खाद्य एवं सुरक्षा औषधि विभाग के इंस्पेक्टर पर उत्पीड़न से तंग आकर सुसाइड का भी प्रयास किया।

रिश्वत न देने पर दुकान पर ताला लगवाने की धमकी दी। आरोप है कि वीडियो बनाने पर उसका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत आला अफसरों से भी की है। रिश्वत न मिलने पर किया उत्पीड़न का आरोप जानकारी के अनुसार मोहल्ला जगन्नाथपुरी के आकाश कंसल ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उसने मोहल्ला भगवानपुरी में परचून की दुकान खोली थी। उसकी दुकान पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम पहुंची।









गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे


Atul Jain
3h
कुछ दिन पूर्व गृह नगर "जलेसर" जाने का अवसर प्राप्त हुआ पूज्य विमल सागर महाराज साहब की जन्मस्थली सकरौली दिगंबर जैन मंदिर के दर्शन किये और आचार्य विमल सागर कन्या विद्यालय में जाने का अवसर प्राप्त हुआ प्रबंधक प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने काफी सम्मान दिया, छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरण का कार्य किया गया उसके बाद महावीर गंज स्थित जैन मंदिर और श्री हनुमान मंदिर जी के भी दर्शन किए भाई साहब साथ में रहे।
+5

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। इंसान कितना भी महान हो जाए लेकिन जहां बचपन बीता हो वो मकान वो शहर नहीं भूलता। लोहा व्यापार मंडल अध्यक्ष अतुल जैन अपने होम टाऊन जलेसर गए तो पुरानी यादें ताजा हुई। अतुल जैन ने इन पलों को फेसबुक पर साझा किया। उनकी ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।